रामायण-सार

अर्थात्

श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदासकृत
रामचरित मानसका सार

संग्रहकर्ता

अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी

*

मुद्रक और प्रकाशक

तेजनारायण वाजपेयी,

कुमार प्रेस,

१०२, मुक्तारामबाबू स्ट्रीट,

कलकत्ता।

—*—

प्रथम संस्करण]

[मूल्य ॥) आने

भूमिका

रामायण अपने ढंगका अद्वितीय ग्रन्थ है। गोस्वामी तुलसीदास जीने इसे लोकभाषामें लिखकर संस्कृत न जाननेवाली जनताका बड़ा उपकार किया है, क्योंकि इसमें केवल रामायणकी कथा ही नहीं है धर्मार्थकाम मोक्षका बड़ा ही सुन्दर विवेचन भी किया गया है। इस ग्रन्थरत्नकी मूल भाषा तो अवधी है, परन्तु जहां तहां इसमें राजपुताने, व्रज, वुन्देलखण्ड, वनारस, मगध और मिथिलाकी वोलियोंका ही नहीं खड़ी या खरी वोलीकी भी पुट दी गयी है। कई ऐसे शब्द भी इसमें दिखाई देते हैं, जो मराठी और वंगलामें तो प्रचलित हैं, पर हिन्दीमें वे त्याज्य कोटिमें चले गये हैं। इसलिये रामायणकी भाषा समझनेमें उन्हें भी विशेष कठिनाई नहीं होती, जिनकी भाषा हिन्दी नहीं है। साहित्यिक दृष्टिसे तो रामायण अपना जोड़ा नहीं रखती, क्योंकि इसमें संस्कृतके माघ काव्यकी भांति उपमा, अर्थगौरव और पदलालित्य तीनो गुण विद्यमान हैं।

रामायण धर्मग्रन्थ है, इस लिये इसमें धर्मका पुनः संस्थापन करने वाले मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रके चरित्रोंका वर्णन है। भगवान् रामचन्द्रको गोस्वामीजीने परब्रह्मका अवतार माना है। उन्होंने वालकाण्डमें कहा है :—

व्यापक ब्रह्म निरंजन निर्गुन विगतविनोद।
सो अज प्रेम-भक्तिवश, कौशल्याकी गोद॥

साधारण मनुष्य जो काम नहीं कर सकते, वह विशेष विभूतिवान् पुरुषोंसे ही हो सकता है। ऐसे विशिष्टशक्ति-सम्पन्न पुरुष आजकलकी भाषामें अतिमानुष (Superman) कहाते हैं। ये विगड़ोंको बनाते हैं। मात्स्यन्यायको, जिसमें छोटी मछलीको वड़ी मछली खा जाती है अथवा दुर्बलको सबल सताते हैं, ये अतिमानुष ही दूर करते हैं। इनकी ऊंचाई तक साधारण मनुष्य नहीं पहुंच पाते, इस लिये इन्हें विशेष शक्तिसम्पन्न—ईश्वर समझते हैं। कालान्तरमें ये ईश्वरका अवतार माने और उसी भावसे पूजे जाते हैं।

पूर्ण शक्ति वा ईश्वरत्वकी माप षोडशकला है और श्रीमद्भागवतके अनुसार भगवान् श्रीकृष्णचन्द आनन्दकन्दमें सोलहो कलाएं थीं, इस लिये उनके विषयमें "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" प्रसिद्ध ही नहीं है, वे पूर्णावतार माने भी जाते हैं। साधारण मनुष्योंमें एक कलाके कुछ अंश होते हैं। श्रीरामचन्द्रमें १२ कलाएं और परशुराममें ४ कलाएं थीं और जब श्रीरामके सामने परशुराम आये, तो उनमें १६ कलाएं हो गयीं और परशुराम साधारण मनुष्य हो गये। परन्तु रामतापनीयोपनिषद्के अनुसार श्रीरामचन्द्रजी पूर्ण ब्रह्म थे। इस उपनिषद्का ब्रह्माण्ड पुराण की अध्यात्म रामायणसे बड़ा सादृश्य है और ऐसा अनुमान किया जाता है कि गोस्वामी तुलसीदासजीने इसीके आधारपर अपनी रामायणकी रचना की है।

परमात्मा वा ब्रह्म सर्वव्यापक, सर्वदर्शी, सर्वशक्तिमान्, निर्गुण और निर्विकार तथा वाणी, मन और बुद्धिसे परे है। उस तक पहुंचना असम्भवसा है, क्योंकि वेद कहता है कि वहां वाणी नहीं जाती

(न तत्र वाग् गमति), परन्तु वह अनुभवगम्य है। यह अनुभूति शम, दम, तितिक्षा और तपस्यासे हो सकती है। फिर भी इसका निश्चय नहीं है कि अनुभूति हो ही जायगी। इसीसे निर्गुण ब्रह्मकी उपासना दुस्साध्य समझकर सगुण उपासनाका पन्थ चलाया गया। ब्रह्म अकल्पनीय है, इसलिये साधारण मनुष्यके ध्यानमें ब्रह्मका जो स्वरूप आ सके, वही सगुण ब्रह्मकी उपासनाका आधार बनाया गया। ब्रह्म त्रिगुणातीत है अर्थात सत्व, रज और तमसे परे है। पर सगुण उपासनामें सत्व, रज और तम किसी एक गुणकी प्रतीक रखी जाती है। सत्व, रज और तमसे विष्णु, ब्रह्मा और महेश त्रिमूर्तिकी कल्पना की गयी है। सांख्यके पुरुष और प्रकृति अथवा वेदान्तके ब्रह्म और माया के अनुसार विष्णुको पुरुष तो लक्ष्मीको प्रकृति माना है। इसीप्रकार ब्रह्मा और सरस्वती तथा शंकर और पार्वतीको पुरुष प्रकृति समझना चाहिये। जहां कहीं मायाकी प्रबलता दिखायी गयी है, वहां माया ही सबको नचाती बतायी गयी है। लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती क्रमशः विष्णु, ब्रह्मा और शिवकी शक्ति कहाती हैं।

परमेश्वर वा ब्रह्म एक ही है और कार्य, शक्ति तथा अधिकारसे उसके अनेक नाम हैं। जो ब्रह्मा है, वही विष्णु है और जो विष्णु है, वही महेश्वर है। ऋग्वेदका (१।१६४।४६) मंत्र बड़ा प्रसिद्ध है। इसमें कहा गया है "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः" (परमेश्वर एक ही है, पर विद्वान् उसे अनेक नामोंसे पुकारते हैं यथा अग्नि, यम और मातरिश्वान्।) इसी प्रकार शुक्ल यजुर्वेदका (३२।१) मंत्र है कि "तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद् वायुस्तदु चन्द्रमाः। तदेव शुक्रं तद्

ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ॥" अर्थात् वही अग्नि, वह आदित्य, वही वायु वही चन्द्रमा, वह शुक्र, वह ब्रह्म, वही जल और वही प्रजापति है। अथर्ववेदके (१३।४।४५) मंत्रमें बताया गया है "सोऽर्यमा स वरुणः स रुद्रः स महादेवः। सोऽग्निः स उ सूर्यः स उ एव महायमः॥ अर्थात् वह अर्यमा, वह वरुण, वह रुद्र, वह महादेव, वह अग्नि, वही सूर्य और वही महायम है।

गोस्वामी तुलसीदास बड़े निर्भीक थे। वे जो सच समझते थे, वही कहते थे। यद्यपि वे रामानन्दी वैष्णव थे, तथापि साम्प्रदायिक आग्रह उनमें न था। वे रामभक्तिके आग्रही अवश्य थे, परन्तु अन्य देवताओंके विरोधी न थे। महाकवि कालिदासके समयमें शैवों और वैष्णवोंमें जैसा द्वेष और कलह था, वैसा ही तुलसीदासजीके समयमें भी था और जिस प्रकार कालिदासने इसकी परवा न कर अपने "रघुवंश"के आरम्भमें जगतके माता पिता पार्वती परमेश्वरकी वन्दना की है, उसी प्रकार गोसांईजीने भी श्रद्धा विश्वासरूपी भवानीशंकरकी वन्दना की है। परन्तु तुलसीदासजी कालिदाससे बहुत ऊंचे थे, क्योंकि इन्होंने तो "कुमारसम्भव" में जगत्के माता पिताके श्रृङ्गारका भी वर्णन किया है, पर गोस्वामीजी इस अनौचित्यके पास तक नहीं फटके हैं, बल्कि कालिदासको प्रकारान्तरसे

जगत मातु पितु शम्भु भवानी। तेहि श्रृङ्गार न कहौं बखानी॥

कहकर फटकारा ही है।

गोसाईं जीने रामायणमें जहां तहां शिव पार्वतीकी चर्चा की है और इस ढंगसे की है कि राम और शिवमें कोई भेद नहीं है। बालकाण्डमें वे लिखते हैं :—

शिव पदकमल जिनहिं रति नाहीं । रामहिं ते सपनेहु न सोहाहीं ॥
विनु छल विश्वनाथपद नेहू । रामभक्तकर लक्षण एहू ॥

उन्होंने लंकाकाण्डमें तो श्रीरामसे ही कहलवाया है :—

शिवद्रोही मम दास कहावै । सो नर सपनेहु मोहिं न भावै ॥

शंकरप्रिय मम द्रोही, शिवद्रोही मम दास ।
ते नर करहिं कल्प भरि, घोर नरक महं वास ॥

यह गोसाईंजीका ही हियाव था कि अपने सम्प्रदायवालोंकी प्रसन्नता अप्रसन्नताका विचार न कर जो उचित समझा, वही लिखा। जो लोग यह समझते हैं कि उन्होंने लोकप्रियताके लिये ऐसा किया है, वे तुलसीदासजीको नहीं समझते और उन्हें भी अपने समान संस्कीर्ण साम्प्रदायिक सिद्ध करना चाहते हैं।

अवतारी पुरुषका कार्य धर्मकी ग्लानि और अधर्मका उत्थान दूर कर धर्मकी स्थापना और अधर्मका नाश करना है। वह धर्म क्या है जिसकी ग्लानि मिटानेके लिये अवतारका प्रयोजन होता है? महाभारतमें बताया गया है कि अहिंसा, उन्नति और रक्षा जिन कामोंसे होती है, वे धर्म हैं। इससे सिद्ध है कि जिनसे इनमें बाधा पड़ती है, वे अधर्म हैं। यहां कुछ अल्पज्ञ मनुष्य ऐसी शंका करते हैं कि जब अहिंसा धर्म है, तब श्रीरामचन्द्रने अवतार लेकर रावणादिका वध करके हिंसा की या अहिंसा। कुछ तो इनसे भी आगे बढ़ जाते हैं और कहते हैं कि श्रीरामने यह हिंसा कर राक्षसी कर्म किया है! ऐसे मनुष्य क्रोध नहीं, दयाके पात्र हैं, क्योंकि तोतेकी तरह इन्होंने शब्द ही रट लिये हैं, अर्थोंका ज्ञान इन्हें नहीं है।

अहिंसाका अर्थ अपीड़न है। जो दुष्ट जन सज्जनोंका पीड़न क
हैं, उनसे इनकी रक्षा तभी हो सकती है, जब उनकी विषकी द
निकाल ली जाय । इसके लिये दुष्टोंका संहार भी कर्त्तव्य है
महाभारतमें कहा गया है कि अवध्यको वध न करनेमें जितना दोष
वध्यको वध न करनेमें भी उतना ही हैं, इसलिये बड़ी हिंसा रोकने
लिये जो थोड़ी हिंसा की जाती है, वह भी अहिंसा ही ह । इसीक
ध्यानमें रख मनुस्मृतिमें कहा गया है कि गुरु, बालक, वृद्ध व
विद्वान् ब्राह्मण ही क्यों न हो, पर यदि आततायी हो औ
आततायीपन करनेके लिये आता हो तो बिना विचारे उसे
मार डालना चाहिये । यही मत कात्यायनका है । परन्तु
गालव और वृहस्पति इससे भी आगे बढ़ गये हैं। वे कहते हैं
कि आततायी बालक, चाहे वेदपाठी और कुलीन हो क्यों न हो, उसे
न मारनेवाला ही भ्रूण हत्यारा होता है, मारनेवाला नहीं। आग लगाने
वाले, विष देनेवाले, हथियार लेकर मारने आनेवाले तथा धन खेत औ
स्त्रीका हरण करनेवालेको वसिष्ठस्मृतिमें आततायी कहा हैं।

इस विवेचनसे रावण आततायी होनेके कारण वध्य था औ
श्रीरामचन्द्रजीने उसका वध करके बड़ी भारी अहिंसाकी स्थापना की
हैं । "अक्रोधेन जयेत् क्रोधं असाधुं साधुना जयेत्" (अक्रोधसे क्रोधको
और दुष्टको साधुतासे जीतना चाहिये) जैसी बातें कहने और सुननेमें
अच्छी लगती हैं, पर ये व्यावहारिक नहीं हैं। यही नहीं, इनसे कायर
ता और अकर्मण्यताकी सृष्टि होती हैं। गोसांईजीको इसका पत
था, इसीलिये उन्होंने अरण्यकाण्डमें खरदूषणके सन्धिप्रस्तावके उत्त
में श्रीरामचन्द्रसे कहलवाया हैं :—

रण चढ़ि करिय कपट चतुराई । रिपुपर कृपा परम कदराई ॥

रामायण अद्भुत काव्य है, क्योंकि इसमें भगवद्भक्तिकी धारा ही नहीं बह रही है, बल्कि जो सब बातें मनुष्यको जाननी चाहिये, उन्हें वह रामायणसे जान सकता है। इस दृष्टिसे वह कर्त्तव्याकर्त्तव्य शास्त्र है। पुत्रका माता पिताके प्रति, भाईका भाईके प्रति और स्त्रीका पतिके प्रति तथा पतिका स्त्रोके प्रति कैसा व्यवहार होना चाहिये यह मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र, भरत, लक्ष्मण और सीताके चरित्रोंसे जाना जाता है। बहुपत्नी-विवाहकी बुराइयाँ कैकेयीके दृष्टान्तसे स्पष्ट हो जाती हैं। श्रीरामका एकपत्नीव्रत आदर्श है। रामराज्यका प्रयोग आज भी सुराज्यके लिये होता है, क्योंकि श्रीरामकी प्रजा ही राजभक्त न थी, बल्कि वे भी प्रजाभक्त थे। प्रजाकी इच्छाके विरुद्ध वे कोई काम नहीं करते थे और लोकमतका आदर करते थे। शत्रुओंके प्रति भी उनका व्यवहार अच्छा था। उन्होंने वालीका तो वध किया, पर उसके बेटे अंगदको पम्पापुरीका युवराज बना दिया। रावणका भाई बेटों सहित संहार किया, पर उसीके एक भाई विभीषणको लंकाके सिंहासनपर बैठा दिया। ऐसी सन्धि किसीसे नहीं की, जिसके संशोधनकी आवश्यकता प्रतीत हुई हो। रामायणमें कामादि रिपुओंसे हानिके उदाहरण भरे पड़े हैं। कामके कारण दशरथको पुत्र-वियोगमें प्राण देना पड़ा और रावणको सकुल यमपुरी जाना पड़ा। क्रोधके कारण परशुरामको जनकपुरमें भरी सभामें नीचा देखना पड़ा तथा मृगयाके फेरमें श्रीरामको कनकमृगके पीछे दौड़ना पड़ा जिसके फलस्वरूप सीताहरण हुआ।

अहिंसाका अर्थ अपीड़न है। जो दुष्ट जन सज्जनोंका पीड़न करते हैं, उनसे इनकी रक्षा तभी हो सकती है, जब उनकी विषकी थैली निकाल ली जाय। इसके लिये दुष्टोंका संहार भी कर्त्तव्य है। महाभारतमें कहा गया है कि अवध्यको वध न करनेमें जितना दोष है, वध्यको वध न करनेमें भी उतना ही है, इसलिये बड़ी हिंसा रोकनेके लिये जो थोड़ी हिंसा की जाती है, वह भी अहिंसा ही है। इसीको ध्यानमें रख मनुस्मृतिमें कहा गया है कि गुरु, बालक, वृद्ध या विद्वान् ब्राह्मण ही क्यों न हो, पर यदि आततायी हो और आततायीपन करनेके लिये आता हो तो बिना विचारे उसे मार डालना चाहिये। यही मत कात्यायनका है। परन्तु गालव और बृहस्पति इससे भी आगे बढ़ गये हैं। वे कहते हैं कि आततायी बालक, चाहे वेदपाठी और कुलीन हो क्यों न हो, उसे न मारनेवाला ही भ्रूण हत्यारा होता है, मारनेवाला नहीं। आग लगानेवाले, विष देनेवाले, हथियार लेकर मारने आनेवाले तथा धन खेत और स्त्रीका हरण करनेवालेको वसिष्ठस्मृतिमें आततायी कहा है।

इस विवेचनसे रावण आततायी होनेके कारण वध्य था और श्रीरामचन्द्रजीने उसका वध करके बड़ी भारी अहिंसाकी स्थापना की है। "अक्रोधेन जयेत् क्रोधं असाधुं साधुना जयेत्" (अक्रोधसे क्रोधको और दुष्टको साधुतासे जीतना चाहिये) जैसी बातें कहने और सुननेमें अच्छी लगती हैं, पर ये व्यावहारिक नहीं हैं। यही नहीं, इनसे कायरता और अकर्मण्यताकी सृष्टि होती है। गोसांईजीको इसका पता था, इसीलिये उन्होंने अरण्यकाण्डमें खरदूषणके सन्धिप्रस्तावके उत्तरमें श्रीरामचन्द्रसे कहलवाया है :—

रण चढ़ि करिय कपट चतुराई । रिपुपर कृपा परम कदराई ॥

रामायण अद्भुत काव्य है, क्योंकि इसमें भगवद्भक्तिकी धारा ही नहीं वह रही है, वल्कि जो सव वातें मनुष्यको जाननी चाहिये, उन्हें वह रामायणसे जान सकता है। इस दृष्टिसे वह कर्त्तव्याकर्त्तव्य शास्त्र है। पुत्रका माता पिताके प्रति, भाईका भाईके प्रति और स्त्रीका पतिके प्रति तथा पतिका स्त्रीके प्रति कैसा व्यवहार होना चाहिये यह मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र, भरत, लक्ष्मण और सीताके चरित्रोंसे जाना जाता है। वहुपत्नी-विवाहको वुराइयाँ कैकेयीके दृष्टान्तसे स्पष्ट हो जाती हैं। श्रीरामका एकपत्नीव्रत आदर्श है । रामराज्यका प्रयोग आज भी सुराज्यके लिये होता है, क्योंकि श्रीरामकी प्रजा ही राजभक्त न थी, वल्कि वे भी प्रजाभक्त थे। प्रजाकी इच्छाके विरुद्ध वे कोई काम नहीं करते थे और लोकमतका आदर करते थे। शत्रुओंके प्रति भी उनका व्यवहार अच्छा था। उन्होंने वालीका तो वध किया, पर उसके वेटे अंगदको पम्पापुरीका युवराज वना दिया। रावणका भाई वेटों सहित संहार किया, पर उसीके एक भाई विभीषणको लंकाके सिंहासनपर वैठा दिया । ऐसी सन्धि किसीसे नहीं की, जिसके संशोधनकी आवश्यकता प्रतीत हुई हो। रामायणमें कामादि रिपुओंसे हानिके उदाहरण भरे पड़े हैं। कामके कारण दशरथको पुत्र-वियोगमें प्राण देना पड़ा और रावणको सकुल यमपुरी जाना पड़ा । क्रोधके कारण परशुरामको जनकपुरमें भरी सभामें नीचा देखना पड़ा तथा मृगयाके फेरमें श्रीरामको कनकमृगके पीछे दौड़ना पड़ा जिसके फलस्वरूप सीताहरण हुआ।

॥

संस्कृत साहित्यमें श्रीमद्भगवद्गीताका जो स्थान है, हिन्दीमें वही तुलसीकृत रामायणका है। हिन्दीमें होनेके कारण करोड़ों मनुष्य इससे लाभ उठाते हैं। इसे ज्ञानी विद्वान् और भक्तजन ही नहीं, अक्षरों से परिचित साधारण मनुष्य भी पढ़ते हैं। परन्तु रामायण बड़ी पुस्तक है और एक सप्ताहसे कममें समाप्त नहीं हो सकती, इसलिये इस पुस्तकमें उसका सार निकाल कर रख दिया गया है और इसका पूरा ध्यान रखा गया है कि कहीं रगपर नश्तर न लग जाय। कथा का सिलसिला टूटने नहीं पाया और साधारण धर्म, राजधर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्यादि सम्बन्धी विचार भी छूटने नहीं पाये हैं।

अन्तमें हिन्दू हितोंके हिमायती और हिन्दू संस्कृतिके प्रबल पक्षपाती श्रीमान् बाबू जुगुलकिशोरजी बिड़लाको धन्यवाद है जिनकी प्रेरणा और अर्थव्ययसे यह रामायण-सार प्रकाशित हो रहा है।

कलकत्ता:
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी,
सं० १९९१

अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी।

विषय-सूची

—※०※—

ब्रह्मदेवकृत विष्णुस्तुति

जय जय सुरनायक जन-सुखदायक प्रनतपाल भगवन्ता।
गोद्विज-हितकारी जय असुरारी सिन्धु-सुता-प्रियकन्ता॥
पालन-सुरधरनी अद्भुत—करनी मर्म न जानै कोई।
जो सहज कृपाला दीनदयाला करौ अनुग्रह सोई॥१॥
जय जय अबिनासी सब-घटवासी व्यापक परमानन्दा।
अभिगति गोतीता चरितपुनीता माया—रहित मुकुन्दा॥
जेहि लागि बिरागी अति अनुरागी विगत-मोह मुनिवृन्दा।
निसिवासर ध्यावहिं हरिगुन गावहिं जयति सच्चिदानन्दा॥२॥
जेहि सृष्टि उपाई त्रिविध बनाई संग सहाय न दूजा।
सो करहु अघारी चिन्त हमारी जानिय भक्ति न पूजा॥
जो भवभयभंजन मुनि-मन-रंजन गंजन-विपति-वरूथा।
मन बच क्रम बानी छाँड़ि सयानी सकल-सरन-सुरयूथा॥३॥
शारद श्रुतिशेषा ऋषय अशेषा जाकहँ कोउ नहिं जाना।
जेहि दीन पियारे वेद पुकारै द्रवौ सो श्रीभगवाना॥
भववारिधिमन्दर सबविधि सुन्दर गुण—मन्दिर सुख-पुंजा।
मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत नाथ पदकंजा॥४॥

ब्रह्माकृत श्रीरामस्तुतिः

जय राम सदा सुखधाम हरे, रघुनायक सायक चाप धरे।
भववारण-दारण-सिंह प्रभो, गुणसागर नागर नाथ विभो ॥१॥
तनुकाम अनेक अनूप छवी, गुण गावत सिद्ध मुनीन्द्र कवी।
यशपावन रावण-नाग-महा, खगनाथ यथा करि कोप गहा ॥२॥
जनरंजन भंजनशोकभयं, गतक्रोध सदा प्रभु बोधमयं।
अवतार उदार अपार गुणं, महिभार विभंजन ज्ञानघनं ॥३॥
अज व्यापक एक अनादि सदा, करुणाकर राम नमामि मुदा।
रघुवंशविभूषण दूषण हा, कृतभूप विभीषण दीन रहा ॥४॥
गुणज्ञान-निधान अमानमजं, नित राम नमामि विभुं विरजं।
भुजदण्ड प्रचण्ड प्रतापबलं, खलवृन्दनिकन्द महाकुशलं ॥५॥
बिनु कारण दीनदयालुहितं, छबिधाम नमामि रमासहितं।
भवतारण कारण कार्यपरं, मनसंभव दारुणदोषहरं ॥६॥
शर–चाप—मनोहर-तूणधरं, जलजारुणलोचन भूप बरं।
सुखमन्दिर सुन्दर श्रीरमणं, मदमार-महा—ममताशमनं ॥७॥
अनवद्य अखण्ड न गोचर सो, सबरूप सदा सब होय न सो।
इत वेद वदन्त न दन्तकथा, रवि आतप भिन्नमभिन्न यथा ॥८॥
कृतकृत्य विभो सब वानर ये, निरखन्ति तवानन सादर ये।
धिक् जीवन देव शरीर हरे, सब भक्ति विना भव भूलि परे ॥९॥
अब दीनदयालु दया करिये, मति मोरि विभेदकरी हरिये।
जेहि ते विपरीत कृपा करिये, दुखमें सुख मानि सुखी चरिये॥१०॥
खलखंडन मंडन रक्षक्षमा, पदपंकज सेवित शम्भु उमा।
नृपनायक दे वरदानमिदं, चरणाम्बुजप्रेम सदा शुभदं ॥११॥

इन्द्रकृत श्रीरामस्तुति

जय राम शोभाधाम, दायकप्रणतविश्राम ।
धृततूणवर शरचाप, भुजदण्ड-प्रबल-प्रताप ॥१॥
जय दूषणारि खरारि, मर्दन निशाचर-भारि ।
यह दुष्ट मारेहु नाथ, भये देव सकल सनाथ॥२॥
जय हरण-धरणीभार, महिमा अपार उदार ।
जय रावणारि कृपाल, किये यातुधान विहाल ॥३॥
लंकेश अति बल गर्व, किये वश्य सुरगन्धर्व ।
मुनि-सिद्ध-नर-खग-नाग, हठि पन्थ सबके लाग ॥४॥
परद्रोहरत अतिदुष्ट, पायो सो फल पापिष्ट ।
अब सुनहु दीनदयालु, राजीवनयन विशाल ॥५॥
मोहिं रहा अति अभिमान, नहिं कोउ मोहिं समान ।
अब देखि प्रभुपदकंज, गतमानप्रद-दुखपुंज ॥६॥
कोउ ब्रह्म निर्गुण ध्याव, अव्यक्त जेहिं श्रुति गाव ।
मोहिं भाव कोशलभूप, श्रीराम सगुण स्वरूप ॥७॥
वैदेहि अनुज समेत, मम हृदय करहु निकेत ।
मोहिं जानिये निज दास, दै भक्ति रमानिवास ॥८॥
दै भक्ति रमानिवास त्रासहरण शरण सुखदायकं ।
सुखधाम राम नमामि काम अनेकछबि रघुनायकं ॥९॥
सुरवृन्दरंजन द्वन्द्वभंजन मनुज तनु अतुलितं बलं ।
ब्रह्मादिशंकरसेव्य राम नमामि करुणा कोमलं ॥१०॥

श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदासजी

राम नाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसि उजियार॥

श्रीगणेशाय नमः

अथ बालकाण्ड

मंगलाचरण

जेहि सुमिरत सिधि होइ, गणनायक करिवर-वदन।
करहु अनुग्रह सोइ, वुद्धिराशि शुभगुण-सदन॥
मूक होइ वाचाल, पंगु चढ़ै गिरिवर-गहन।
जासु कृपा सु दयाल, द्रवौ सकल कलिमल-दहन॥
वन्दौं गुरुपद-कंज, कृपा-सिन्धु नररूप-हरि।
महामोह-तम-पुंज, जासु वचन रविकर-निकर॥

सन्तसमाजकी प्रशंसा

ुजन समाज सकल गुणखानी। करौं प्रणाम सप्रेम सुवानी॥
ुद-मंगल—मय संत समाजू। जौं जग ज़ंगम तीरथराजू॥
ाम भक्ति जहं सुरसरि धारा। सरस्वति ब्रह्मविचार प्रचारा॥
ंधि निषेधमय कलिमल हरणी। कर्म कथा रवि नंदिनि वरणी॥
रिहर-कथा विराजत वेनी। सुनत सकल मुद मंगल देनी॥
ट विश्वास अचल निजधर्मा। तीरथराज समाज सुकर्मा॥
ावहिं सुलभ सब दिन सब देशा। सेवत सादर शमन-कलेशा॥
कथ अलौलिक तीरथ राऊ। देइ सद्य फल प्रगट प्रभाऊ॥

सुनि समुझहि जन मुदित मन, मज्जहिं अति अनुराग।
लहहिं चार फल अछत तनु, साधु समाज प्रयाग॥
मज्जन फल देखिय तत्काला। काक होइ पिक वकहु मराला॥
सुनि आश्चर्य करै जनि कोई। सतसंगति महिमा नहिं गोई॥
मति कीरति गति भूति भलाई। जब जेहि जतन जहां जेइ पाई॥
सो जानै सतसंग प्रभाऊ। लोकहु वेद न आन उपाऊ॥
विन सतसंग विवेक न होई। राम कृपा विन सुलभ न सोई॥
सतसंगति मुद मंगल मूला। सोइफल सिधि सब साधनफूला॥
शठ सुधरहिं सत्संगति पाई। पारस परसि कुधातु सुहाई॥
विधिवश सुजन कुसंगति परहीं। फणिमणि सम निजगुण अनुसरहीं॥
वन्दौं सन्त समान चित, हित अनहित नहिं कोय॥
अंजलि गत शुभ सुमन जिमि, सम सुगंध कर दोय॥
विधि हरिहर कवि कोविद वानी। कहत साधु महिमा सकुचानी॥
सो मोसन कहि जात न कैसे। शाक वणिक मणि गुणगण जैसे॥

खलों की वन्दना

बहुरि वंदि खल गण सति भाये। जे विनु काज दाहिने बांये॥
परहित हानि लाभ जिन केरे। उजरे हर्ष विषाद बसेरे॥
हरिहर—यश राकेश राहुसे। पर अकाज भट सहसबाहुसे॥
जे परदोष लखहिं सहसाखी। परहित घृत जिनके मन माखी॥
तेज कृशानु रोष महिषेशा। अघ अवगुण धन धनिक धनेशा॥
उदय केतु सम हित सबहीके। कुम्भकरण सम सोवत नीके॥
पर अकाज लगि तनु परिहरहीं। जिमि हिमउपल कृषी दल गरहीं॥

वन्दौं खल जस शेष सरोषा। सहस बदन बरनै परदोषा॥
पुनि प्रनवौं पृथुराज समाना। पर अघ सुनै सहस दश काना॥
बहुरि शक्र सम विनवौं तेही। संतत सुरा नीक हित जेही॥
बचन वज्र जेंहि सदा पियारा। सहस नयन परदोष निहारा॥

उदासीन-अरि मीत हित, सुनत जरहिं खल रीति॥
जानि पाणि युग जोरि करि, विनती करौं सप्रीति॥

सन्तअसन्तों का विवेचन

वन्दौं संत असज्जन-चरणा। दुःख-प्रद उभय बीच कछु वरणा॥
विछुरत एक प्राण हरि लेहीं। मिलत एक दारुण दुख देहीं॥
उपजहिं एक संग जलमाहीं। जलज जोंक जिमि गुण विलगाहीं॥
सुधा सुरा सम साधु असाधू। जनक एक जग जलधि अगाधू॥
भल अनभल निज निज करतूती। लहत सुयश अपलोक विभूती॥
सुधा सुधाकर सुरसरि साधू। गरल अनल कलिमल सरि व्याधू॥
गुण अवगुण जानत सब कोई। जो जेहि भाव नीक तेहि सोई॥

भले भलाई पै लहहिं, लहहिं निचाई नीच॥
सुधा सराहिय अमरता, गरल सराहिय मीच॥

खल गह अगुण साधु गुण गाहा। उभय अपार उदधि अवगाहा॥
तेहिते कछु गुणदोष बखाने। संग्रह त्याग न विनु पहिचाने॥
भलेउ पोच सब विधि उपजाये। गनि गुण दोष वेद विलगाये॥
कहहिं वेद इतिहास पुराना। विधि प्रपंच गुण अवगुण साना॥
दुख सुख पाप पुण्य दिनराती। साधु असाधु सुजाति कुजाती॥
दानव देव ऊंच अरु नीचू। अमिय सजीवन माहुर मीचू॥

माया ब्रह्म जीव जगदीशा। लक्षि अलक्षि रंक अवनीशा॥
काशी मग सुरसरि कर्मनाशा। मरु मालव महिदेव गवाशा॥
स्वर्ग नरक अनुराग विरागा। निगमागम गुण दोष विभागा॥
जड़ चेतन गुण दोषमय, विश्व कीन करतार॥
संत हंस गुण गहहिं पय, परिहरि वारि विकार॥
अस विवेक जब देहि विधाता। तब तजि दोष गुणहिं मन राता॥
काल सुभाव कर्म बरिआई। भलेउ प्रकृति वश चूक भलाई॥
सो सुधारि हरिजन जिमि लैहीं। दलि दुख दोष विमल यश देहीं॥
खलउ करहिं भल पाइ सुसंगू। मिटहिं न मलिन सुभाव अभंगू॥
खर सुवेश जग वंचक जेऊ। वेष प्रताप पूजियत तेऊ॥
उघरहिं अंत न होइ निवाहू। कालनेमि जिमि रावण राहू॥
किये सुवेश साधु सनमानू। जिमि जग जामवन्त हनुमानू॥

सुसंगके गुण और कुसंगके दोष

हानि कुसंग सुसंगति लाहू। लोकहु वेद विदित सब काहू॥
गगन चढ़ै रज पवन प्रसंगा। कीचइ मिलइ नीच जल संगा॥
साधु असाधु सदन शुक्र सारी। सुमिरहिं राम देहिं गण गारी॥
धूम कुसंगति कारिख होई। लिखिय पुराण मंजुमसि सोई॥
सोइ जल अनल अनिल संघाता। होइ जलद जग जीवन-दाता॥
ग्रह भेषज जल पवन पट, पाइ कुयोग सुयोग॥
होइ कुवस्तु सुवस्तु जग, लखहिं सुलक्षण लोग॥
सम प्रकाश तम पाख दुहुं, नाम भेद विधि कीन्ह॥
शशि पोषक शोषक समुझि, जग यश अपयश दीन्ह॥

जग बहु नर सरितासम भाई । जे निज बाढ़ि बढ़हिं जल पाई ॥
सज्जन सुकृति सिन्धु सम कोई । देखि पूर विधु बाढ़हिं जोई ॥
आकर चारि लाख चौरासी । जाति जीव नभ जलथल वासी ॥
सिया राममय सब जग जानी । करौं प्रणाम जोरि युग पानी ॥
धूमहु तजै सहज करुआई । अगर प्रसंग सुगंध बसाई ॥
भणित भदेश वस्तु भलि वरणी । राम कथा जग मंगल करणी ॥

प्रिय लागहिं अति सबहिं मम, भणित राम यश संग ।
दारु विचारु कि करइ कोउ, बंदिय मलय प्रसंग ॥

कलियुगके लोग

जे जनमे कलिकाल कराला । करतब वायस वेष मराला ॥
चलत कुपंथ वेद मग छांड़े । कपट कलेवर कलिमल भांड़े ॥
वंचक भक्त कहाइ रामके । किंकर कंचन कोह कामके ॥
तिनमहं प्रथम रेख जग मोरी । धृक धर्म-ध्वज धंधक धोरी ॥

वन्दना

पुनि बन्दौं शारद सुर सरिता । युगुल पुनीत मनोहर चरिता ॥
मज्जन पान पाप हर एका । कहत सुनत इक हर अविवेका ॥
गुरु पितु मातु महेश भवानी । प्रणवौं दीनबंधु दिन दानी ॥
सेवक स्वामि सखा सियपीके । हित निरुपधिसवविधि तुलसीके ॥

गिरा अर्थ जल वीचि सम, कहियत भिन्न न भिन्न ।
बन्दौं सीता—राम पद, जिनहिं परम प्रिय खिन्न ॥

नाम और नामी

समुझत सरस नाम अरु नामी । प्रीति परस्पर प्रभु अनुगामी ॥

नाम रूप दोउ ईश उपाधी । अकथ अनादिसुसामुझि साधी
को बड़ छोट कहत अपराधू । सुनि गुणभेद समुझि हैं साधू
देखिय रूप नाम आधीना । रूप ज्ञान नहिं नाम विहीना
रूप विशेष नाम विनु जाने । करतलगत न परहिं पहिचाने
सुमिरिय नाम रूपविनु देखे । आवत हृदय सनेह विशेखे
नाम रूप गति अकथ कहानी । समुझत सुखद न परहि बखानी
अगुण सगुण बिच नाम सुसाखी । उभय प्रबोधक चतुर दुभाषी
अगुण सगुण दोउ ब्रह्म सरूपा । अकथ अगाध अनादि अनूपा
मोरे मन बड़ नाम दुहू ते । किय जेहियुगनिजवसनिजबूते

याज्ञवल्क्यसे भरद्वाजका प्रश्न

भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा । जिनहिं राम पद अति अनुरागा
ताप सशम—दम—दया—निधाना । परमारथ पथ परम सुजाना
माघ मकरगत रवि जब होई । तीरथ पतिहिं आव सब कोई
एक बार भरि मकर नहाये । सब मुनीश आश्रमनि सिधाये
याज्ञवल्क मुनि परम विवेकी । भरद्वाज राखेउ पद टेकी
सादर चरण सरोज पखारे । अति पुनीत आसन बैठारे
करि पूजा मुनि सुजस बखानी । बोले अति पुनीत मृदुबानी

संत कहहिं अस नीति प्रभु, श्रुति पुराण जो गाव ।
होइ न विमल विवेक उर, गुरुसन किये दुराव ॥

अस विचार प्रगटौं निज मोहू । हरहु नाथ करि जनपर छोहू
राम नाम कर अमित प्रभावा । संत पुराण उपनिषद गावा
राम कवन प्रभु पूछौं तोहीं । कहहु बुझाइ कृपानिधि मोहीं

एक राम अवधेश कुमारा। तिनकर चरित विदित संसारा॥
नारि विरह दुख सहेउ अपारा। भयउ रोष रण रावण मारा॥
प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ, जाहि जपत त्रिपुरारि॥
सत्य-धाम सर्वज्ञ तुम, कहहु विवेक विचारि॥

उमाशम्भु संवाद

कहौं सो मति अनुहारि अब, उमा शम्भु संवाद।
भयउ समय जेहि हेतु जिमि, सुनि मुनि मिटहिं विषाद॥
जटा मुकट सुरसरित सिर, लोचन नलिन विशाल।
नीलकंठ लावण्यनिधि, सोह बाल विधु भाल॥
बैठे सोह काम-रिपु कैसे। धरे शरीर शांत रस जैसे॥
पारवती भल अवसर जानी। गईं शंभु पहँ मातु भवानी॥
जानि प्रिया आदर अति कीन्हा। वाम भाग आसन हर दीन्हा॥
पति हिय हेतु अधिक अनुमानी। बिहंसि उमा बोली प्रिय बानी॥
विश्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा विदित तुम्हारी॥
चर अरु अचर नाग नर देवा। सकल करहिं पद-पंकज सेवा॥
जो मोपर प्रसन्न सुख-रासी। जानिय सत्य मोहिं निज दासी॥
तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना। कहि रघुनाथ कथा विधि नाना॥
राम सो अवध नृपति सुत सोई। की अज अगुण अलखगति कोई॥

निर्गुण और सगुण ब्रह्म

सगुनहिं अगुनहिं नहिं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुरान बुध वेदा॥
अगुन अरूप अलख अज सोई। भक्त प्रेम वस सगुन सो होई॥
जो गुन रहित सगुन सो कैसे। जल हिम उपल बिलग नहिं जैसे॥
जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। तिमि किमि कहिय विमोह प्रसंगा॥
राम सच्चिदानन्द दिनेशा। नहि तहँ मोह निशा लव लेशा॥

सहज प्रकाश रूप भगवाना। नहिं तहँ पुनि विज्ञान विहाना॥
हरष विषाद ज्ञान अज्ञाना। जीव धर्म अहमिति अभिमाना॥
राम ब्रह्म व्यापक जग जाना। परमानन्द परेश पुराना॥
पुरुष प्रसिद्ध प्रकाश--निधि, प्रकट परावर--नाथ।
रघुकुलमणि सोइ स्वामि मम, कहि शिव नायउ माथ॥
निज भ्रम समुझहिं नहिं अज्ञानी। प्रभुपर मोह धरहिं जड़ प्रानी॥
यथा गगन घन पटल निहारी। झंपेउ भानु कहहिं कुविचारी॥
चितव जो लोचन अंगुलि लाये। प्रकट जुगल ससि तेहिके भाये॥
उमा राम विषयक अस मोहा। नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा॥
जगत प्रकाश्य प्रकाशक रामू। मायाधीश ज्ञान--गुण--धामू॥
जासु सत्यताते जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया॥
रजत सीप महं भास जिमि, यथा भानु--कर वारि।
यदपि मृषा तिहुं काल सोइ, भ्रम न सकै कोउ टारि॥
यहि विधि जग हरि आश्रित रहई। यदपि असत्य देत दुख अहई॥
ज्यों सपने सिर काटै कोई। विनु जागे दुख दूर न होई॥
जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई। गिरिजा सोइ कृपालु रघुराई॥
आदि अंत कोउ जासु न पावा। मति अनुमान निगम अस गावा॥
विनु पद चलै सुनै विनु काना। कर विनु कर्म करै विधि नाना॥
आनन--रहित सकल रस भोगी। विनु वानी वक्ता बड़ योगी॥
तनु विनु परस नयन विनु देषा। ग्रहै घ्राण विनु वास अशेषा॥
अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा जासु जाइ नहिं वरनी॥

जेहि इमि गावहिं वेद बुध, जाहि धरहिं मुनि ध्यान ॥
सोइ दशरथ सुत भक्त-हित, कोशल पति भगवान ॥

रामावतारके कारण

राम ब्रह्म चिन्मय अविनासी । सर्व रहित सब उर पुर वासी ॥
नाथ धरेउ नर--तनु केहि हेतू । मोहि समुझाय कहहु वृषकेतू ॥
उमा--वचन सुनि परम विनीता । राम कथा--पर प्रीति पुनीता ॥
हिय हरषे कामारि तब, शंकर सहज सुजान ।
बहु विधि उमहिं प्रशंसि पुनि, बोले कृपा--निधान ॥
सुनु शुभ कथा भवानि, राम चरित मानस विमल ।
कहा भुशुंडि बखानि, सुना विहंग--नायक गरुड़ ॥
सोइ संवाद उदार, जेहि विधि भा आगे कहब ।
सुनहु राम--अवतार, चरित परम सुन्दर अनघ ॥
जब जब होइ धर्मकी हानी । बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी ॥
करहिं अनीति जाइ नहिं बरणी । सीदहिं विप्र धेनु सुर धरणी ॥
तब तब प्रभु धरि विविध शरीरा । हरहिं कृपा निधि सज्जन पीरा ॥
असुर मारि थापहिं सुरन्हि, राखहिं निज श्रुति सेतु ।
जग विस्तारहिं विशद यश, राम--जन्म--कर हेतु ॥
सोइ यश गाय भक्त भव तरहीं । कृपा--सिन्धु जनहित तनु धरहीं ॥
राम--जन्मके हेतु अनेका । परम विचित्र एक ते एका ।
जन्म एक दुइ कहौं बखानी । सावधान सुनु सुमति भवानी ॥

रावणादिके जन्म

विश्वविदित एक केकय देशू । सत्यकेतु तहँ बसै नरेशू ॥

तेहिके भये युगुल सुत वीरा। सब गुण धाम महा रण धीरा॥
राजधानि जेठे सुत आही। नाम प्रतापभानु अस ताही॥
अपर सुतहिं अरिमर्दन नामा। भुजबल अतुल अचल संग्रामा॥
नृपहित-कारक सचिव सुजाना। नाम धर्मरुचि शुक्र समाना॥

भरद्वाज सुनु जाहि जब, होत विधाता वाम।
धूरि मेरु सम जनक यम, ताहि व्याल सम दाम॥

काल पाइ मुनि सुनु सोइ राजा। भयेउ निशाचर सहित समाजा॥
दस सिर ताहि बीस भुजदण्डा। रावन नाम वीर वरिवंडा॥
भूप अनुज अरिमर्दन नामा। भयेउ सो कुम्भकरन बलधामा॥
सचिव जो रहा धर्म--रुचि जासू। भयेउ विमात्र बन्धु लघु तासू॥
नाम विभीषण जेहि जग जाना। विष्णु--भक्त विज्ञान--निधाना॥
रहे जे सुत सेवक नृप केरे। भये निशाचर घोर घनेरे॥
मयतनया मन्दोदरि नामा। परम सुन्दरी नारि ललामा॥
सोइ मय दीन रावणहिं आनी। भई सो जातुधान--पति--रानी॥
गिरि त्रिकूट एक सिन्धु मंझारी। विधि निर्मित दुर्गम अति भारी॥
सोइ मय दानव बहुरि संवारा। कनक रचित मनि भवन अपारा॥
भोगवती जस अहि--कुल वासा। अमरापति जस शक्र निवासा॥
तिन्हते अधिक रम्य अति वंका। जग विख्यात नाम तेहि लंका॥

खाई सिन्धु गंभीर अति, चारिउ दिशि फिरि आव।
कनक कोट मनि खचित दृढ़, बरनि न जाइ बनाव॥
भुज बल विश्वहिं वश्य कर, राखेसि कोउ न स्वतंत्र।
मंडलीक महि रावन, राज करै निज मंत्र॥

वारिदनाद जेठ सुत तासू। भटमँह प्रथम लीक जग जासू॥
जेहि न होई रण सन्मुख कोई। सुरपुर नितहि परावन होई॥
वरनि न जाइ अनोति, घोर निशाचर जो करहिं।
हिंसापर अति प्रीति, तिनके पापन कवन मिति॥
बाढ़े खल बहु चोर जुआरी। जे लंपट परधन परनारी॥
मानहिं मातु पिता नहिं देवा। साधुनसों करवावहिं सेवा॥
जिनके अस आचरन भवानी। ते जानेउ निशिचर सम प्रानी॥

पृथ्वीकी गुहार ओर विष्णुका आश्वासन

अतिशय देखि धर्मकी हानी। परम सभीत धरा अकुलानी॥
गिरि सरि सिन्धु भार नहिं मोहीं। जस मोहिं गरू एक पर--द्रोही॥
धेनुरूप धरि हृदय विचारी। गई तहां जहं सुर मुनि झारी॥
धरनि धरहु मन धीर, कहि विरंचि हरिपद सुमिरि।
जानत जनकी पीर, प्रभु भंजहिं दारुन विपति॥
वैठे सुर सब करहिं विचारा। कहं पाइय प्रभु करिय पुकारा॥
तेहि समाज गिरजा मैं रहेहूं। अवसर पाइ वचन एक कहेहूं॥
हरि व्यापक सर्वत्र समाना। प्रेमते प्रगट होहिं मैं जाना॥
देश काल दिसि विदिशिहु माहीं। कहहु सो कहां जहाँ प्रभु नाहीं॥
अग जगमय सब रहित विरागी। प्रेमते प्रगट होत जिमि आगी॥
मोर वचन सबके मन माना। साधु साधु कहि ब्रह्म बखाना॥
सुनि विरंचि मन हर्ष तनु, पुलक नयन बह नीर।
अस्तुति करि अज जोरिकर, सावधान मतिधीर॥
जानि भयातुर भूमि सुर, वचन समेत सनेह।
गगन--गिरा गम्भीर भइ, हरन--शोक--सन्देह॥

जनि डरपहु मुनि सिद्धसुरेशा। तुमहिं लागि धरिहौं नरभेशा
कश्यप अदिति महा तप कीन्हा। तिन कहँ मैं पूरब वर दीन्हा
तिनके गृह अवतरिहौं जाई। रघुकुल तिलक सो चारिउ भाई
हरिहौं सकल भूमि गरुआई। निर्भय होहु देव समुदाई
गगन ब्रह्म बानी सुनि काना। तुरत फिरे सुर हृदय जुड़ाना

कथाका आरम्भ

अवधपुरी रघुकुल मणि राऊ। वेद विदित तेहि दशरथ नाऊ
धर्म--धुरंधर गुण--निधि ज्ञानी। हृदय भक्ति प्रति सारंग--पानी
एक वार भूपति--मन माहीं। भै गलानि मोरे सुत नाहीं
गुरु गृह गये तुरत महिपाला। चरण लागि करि विनय विशाला
नृप सुख दुख सब गुरुहिं सुनायउ। कहि बशिष्ठ बहुविधि समुझायउ
धरहु धीर होइहिं सुत चारी। त्रिभुवन विदित भक्त--भय हारी
शृङ्गी ऋषिहिं वशिष्ठ बुलावा। पुत्र लागि शुभ यज्ञ करावा

रामजन्म

नवमी तिथि मधुमास पुनीता। शुक्ल पक्ष अभिजित हरिप्रीता
मध्य दिवस अति शीत न घामा। पावन काल लोक--विश्रामा

सुर समूह विनती करी, पहुंचे निज निज धाम।
जग—निवास प्रभु प्रकटे, अखिल लोक—विश्राम॥

सुनि शिशु रुदन परम प्रिय वानी। सम्भ्रम चलि आई सब रानी
हर्षित जहँ तहँ धाई दासी। आनन्द-मगन सकल पुरवासी
गुरु वशिष्ठ-कहँ गयउ हंकारा। आये द्विजन सहित नृप-द्वारा
अनुपम बालक देखि न जाई। रूप—राशि गुण कहि न सिराई

जय जय अविनासी सब घटवासी व्यापक परमानन्दा।
अविगत गोतीता चरित पुनीता मायारहित मुकुन्दा॥
जेहि लागि विरागी अति अनुरागी विगतमोह मुनिवृन्दा।
निसिवासर ध्यावहिं हरिगुन गावहिं जयति सच्चिदानन्दा॥

तब नान्दी—मुख श्राद्ध करि, जात-कर्म सब कीन्ह।
हाटक धेनु वसन मणि, नृप विप्रन कहं दीन्ह॥
गृह गृह बाज बधाव शुभ, प्रगट भये सुख-कन्द।
हर्षवन्त सब जहं तहं, नगर-नारि-नर—वृन्द॥

भरत लक्ष्मण और शत्रुघ्नके जन्म

ककय—सुता सुमित्रा दोऊ। सुन्दर सुत जन्मत भइं सोऊ॥
वह सुख सम्पति समय समाजा। कहि न सकैं शारद अहिराजा॥
तेहि अवसर जो जेहि विधि आवा। दीन्ह भूप जो जेहि मन भावा॥
गज रथ तुरंग हेम गो हीरा। दीन्हें नृप नाना विधि चीरा॥

मन सन्तोषे सबनके, जहं तहं देहिं अशीश।
सकल तनय चिरजीवहु, तुलसिदास के ईश॥

कछुक दिवस बीते यहि भांती। जात न जानहिं दिन अरु राती॥
नाम-करणकर अवसर जानी। भूप बोलि पठये मुनि ज्ञानी॥
जो आनन्द—सिन्धु सुख—राशी। सीकरतें त्रैलोक्य निवासी॥
सो सुख—धाम राम अस नामा। अखिल लोक दायक विश्रामा॥
विश्व भरण पोषण करु जोई। ताकर नाम भरत अस होई॥
जाके सुमिरण—ते रिपु नाशा। नाम शत्रुहन वेद प्रकाशा॥

लक्ष्मि सुधाम राम प्रियं, सकल जगत आधार।
गुरु वशिष्ठ तेहिं राखेउ, लक्ष्मण नाम उदार॥
व्यापक ब्रह्म निरंजन, निर्गुण विगद विनोद।
सो अज प्रेम भक्ति—वश, कौशल्याकी गोद॥

कछुक काल बीते सब भाई। बड़े भये परि—जन सुखदाई॥

बाल लीला

चूड़ा—करण कीन्ह गुरु आई। विप्रन्ह बहुत दक्षिणा पांई॥

परम मनोहर चरित अपारा। करत फिरत चारिउ सुकुमारा॥
भोजन करत चपल चित, इत उत अवसर पाइ।
भागि चलैं किलकात मुख, दधि ओदन लपटाइ॥
भये कुमार जबहिं सब भ्राता। दीन्ह जनेऊ गुरु पितु माता॥
गुरु गृह पढ़न गये रघुराई। अलप काल विद्या सब पाई॥
विद्या विनय निपुण गुण शीला। खेलहिं खेल सकल नृप लीला॥
करतल बाण धनुष अति सोहा। देखत रूप चराचर मोहा॥
बन्धु सखा सब लीन्ह बुलाई। बन मृगया नित खेलहिं जाई॥
पावन मृग मारहिं जिय जानी। दिन प्रति नृपहिं देखावहिं आनी॥
प्रात समय उठि कै रघुनाथा। मातु पिता गुरु नावहिं माथा॥
आयसु मांगि करहिं पुर काजा। देखि चरित हर्षहिं मन राजा॥

विश्वामित्र और रामलक्ष्मण

विश्वामित्र महा मुनि ज्ञानी। बसहिं विपिन शुभ आश्रम जानी॥
तहं तप यज्ञ योग मुनि करहीं। अति मारीच सुबाहुहिं डरहीं॥
देखत यज्ञ निशाचर धावहिं। करहिं उपद्रव मुनि दुख पावहिं॥
गाधि-तनय मन चिन्ता व्यापी। हरि बिनु मरहिं न निशिचर पापी॥
तब मुनिवर मन कीन्ह विचारा। प्रभु अवतरेउ हरण महि भारा॥
यहि मिसु देखौं प्रभु पद जाई। करि विनती आनौं दोउ भाई॥
इहि विधि करत मनोरथ, जात न लागी बार।
करि मज्जन सरयू सलिल, गये भूप दरबार॥
करि दण्डवत मुनिहिं सनमानी। निज आसन बैठारे आनी॥
तब मन हर्ष वचन कह राऊ। मुनि अस कृपा कीन्ह नहिं काऊ॥

केहि कारण आगमन तुम्हारा। कहहु सो करत न लाउव वारा॥
असुर समूह सतावहिं मोहीं। मैं यांचन आयेऊँ नृप तोहीं॥
अनुज समेत देहु रघुनाथा। निशिचर वध मैं होव सनाथा॥
अति आदर दोउ तनय वुलाये। हृदय लाइ वहु भांति सिखाये॥
मेरे प्राण–नाथ सुत दोऊ। तुम मुनि पिता आन नहिं कोऊ॥

सौंपे भूपति ऋषिहिं सुत, वहु विधि देइ अशीश।
जननी भवन गये प्रभु, चले नाइ पद शीश॥

कटि पटपीत कसे वर भाथा। रुचिर चाप सायक दुहुं हाथा॥
श्याम गौर सुन्दर दोउ भाई। विश्वामित्र महानिधि पाई॥

राक्षसों से युद्ध

चले जात मुनि दीन दिखाई। सुनि ताड़का क्रोध करि धाई॥
एकहिं वाण प्राण हरि लीन्हा। दीन जानि तेहि निज पद दीन्हा॥
तव ऋषि निज नाथहिं जियचीन्हा। विद्यानिधिकह विद्या दीन्हा॥
जाते लाग न क्षुधा पियासा। अतुलित वल तनु तेज प्रकासा॥

आयुध सकल समर्पि कै, प्रभु निज आश्रम आनि।
कन्द मूल फल भोजन, दिये भक्त हित जानि॥

प्रात कहा मुनि सन रघुराई। निर्भय यज्ञ करहु तुम जाई॥
होम करन लागे मुनि झारी। आपु रहे मखकी रखवारी॥
सुनि मारीच निशाचर कोही। लै सहाय धावा मुनि द्रोही॥
विनु फर वाण राम तेहिं मारा। शत योजन गा सागर पारा॥
पावक शर सुबाहु पुनि मारा। अनुज निशाचर कटक संहारा॥

धनुष-यज्ञ

धनुषयज्ञ सुनि रघुकुल नाथा। हर्षि चले मुनिवरके साथा॥

चले राम लक्ष्मण मुनि संगा। गये जहां जगपावनि गंगा।
तब प्रभु ऋषन्हि समेत नहाये। विविधि दान महि देवन पाये॥
हर्षि चले मुनि वृन्द सहाया। वेगि विदेह नगर नियराया॥
पुर रम्यता राम जब देखी। हर्षे अनुज समेत विशेषी॥
विश्वामित्र महामुनि आये। समाचार मिथला-पति पाये॥
संग सचिव शुचि भूरि भट, भूसुर वर गुरु ज्ञाति।
चले मिलन मुनिनायकहिं, मुदित राउ इहि भांति॥
कीन्ह प्रणाम धरणि धरि माथा। दीन्ह असीस मुदित मुनि-नाथा॥
विप्र वृन्द सब सादर वन्दे। जानि भाग्य वड़ राउ अनन्दे॥
कुशल प्रश्न कहि बारहिं बारा। विश्वामित्र नृपहिं बैठारा॥

जनकसे राम लक्ष्मणका परिचय

तेहि अवसर आये दोउ भाई। गये रहे देखन फुलवाई॥
प्रेम मगन मन जानि नृप, करि विवेक धरि धीर।
बोलेउ मुनिपद नाइ शिर, गदगद गिरा गंभीर॥
कहहु नाथ सुन्दर दोउ बालक। मुनिकुलतिलक कि नृपकुलपालक॥
रघुकुल-मणि दशरथके जाये। ममहितलागि नरेश पठाये॥
राम लषण दोउ बन्धुवर, रूप—शील—बल—धाम।
मख राखेउ सब साखि जग, जीति असुर संग्राम॥
मुनिहिं प्रशंसि नाइ पद शीशा। चले लिवाय नगर अवनीशा॥
सुन्दर सदन सुखद सब काला। तहां बास लै दीन्ह भुवाला॥
ऋषिय संग रघुवंस मणि, करि भोजन विश्राम।
बैठे प्रभु भ्राता सहित, दिवस रहा भरियाम॥
राम अनुज मनकी गति जानी। भक्तबछलता हिय हुलसानी॥

रम विनीत सकुचि मुसुकाई। बोले गुरु अनुसासन पाई॥
ाथ लषण पुर देखन चहहीं। प्रभु सकोच डर प्रगट न कहहीं॥
ो राउर अनुसासन पाऊँ। नगर देखाइ तुरत लै आऊँ॥

जाइ देखि आवहु नगर, सुखनिधान दोउ भाइ।
करहु सफल सबके नयन, सुन्दर वदन दिखाइ॥

ुनि-पद--कमल वन्दि दोउ भ्राता। चले लोक-लोचन सुख-दाता॥
खन नगर भूप—सुत आये। समाचार पुर--वासिन पाये॥
ाये धाम काम सव त्यागे। मनहुं रंक निधि लूटन लागे॥
खि राम छवि सखि एक कहई। योग्य जानकी यह वर अहई॥
ो सखि इनहिं देखि नरनाहू। प्रण परिहरि हठि करहि विवाहू॥
ोउ कह इंनहिं भूप पहिचाने। मुनि समेत सादर सनमाने॥
खि परन्तु प्रण राउ न तजई। विधि बश हठि अविवेकहिं भजई॥
ोउ कह जो भल अहै विधाता। सब कहं सुनिय उचित फल-दाता॥
ौ जानकिहिं मिलिहि वर एहू। नाहिन आली यह सन्देहू॥

हिय हरषहिं वर्षहिं सुमन, सुमुखि सुलोचनि वृन्द।
जाहिं जहां जहं बन्धु दोउ, तहं तहं परमानन्द॥

र पूरब दिशि गे दोउ भाई। जहां धनुष मख भूमि बनाई॥
र बालक कहि कहि मृदु वचना। सादर प्रभुहिं दिखावहिं रचना॥
ाशु सव राम प्रेम-वश जाने। प्रीति समेत निकेत बखाने॥
ाम देखावहिं अनुजहिं रचना। कहि मृदु मधुर मनोहर वचना॥

सभय सप्रेम विनीत अति, सकुच सहित दोउ भाइ॥
गुरु पद-पंकज नाइ शिर, बैठे आयसु पाइ।

निशि-प्रवेश मुनि आयसु दीन्हा। सब ही सन्ध्या वंदन कीन्हा।
कहत कथा इतिहास पुरानी। रुचिर रजनि युगयाम सिरानी।
मुनिवर शयन कीन्ह तब जाई। लगे चरण चापन दोउ भाई।
बारबार मुनि आज्ञा दीन्हा। रघुवर जाय शयन तब कीन्हा।

उठे लषण निशि विगत सुनि, अरुण-शिखा-धुनिकान।
गुरुते पहिले जगत-पति, जागे राम सुजान॥

सकल शौच करि जाइ नहाये। नित्य निबाहि गुरुहिं शिर नाये।
समय जानि गुरु आयसु पाई। लेन प्रसून चले दोउ भाई।

राम और सीताका साक्षात्कार

चहुंदिशि चितै पूंछि मालीगन। लगे लेन दल फूल मुदित मन।
तेहि अवसर सीता तहं आई। गिरिजा पूजन जननि पठाई।
पूजा कीन्ह अधिक अनुरागा। निज अनुरूप सुभग वर मांगा।
एक सखी सिय संग विहाई। गई रही देखन फुलवाई।
तेइं दोउ बन्धु बिलोकेउ जाई। प्रेम विवश सीता पहं आई।
देखन बाग कुंवर दोउ आये। वय किशोर सब भांति सुहाये।

सुमिरि सीय नारद-वचन, उपजी प्रीति पुनीत।
चकित विलोकति सकल दिशि, जनु शिशु मृगी सभीत।

कंकण किंकिणि नूपुर धुनि सुनि। कहत लषण सन राम हृदय गुनि।
मानहुं मदन दुंदुभी दीन्ही। मनसा विश्व विजय कहँ कीन्ही।
अस कहि फिर चितये तेहि ओरा। सिय-मुख शशि भये नयन चकोरा।
भये विलोचन चारु अचंचल। मनहु सकुचि निमि तजेउ दृगंचल।
देखि सीय शोभा सुख पावा। हृदय सराहत वचन न आवा।

तात जनक-तनया यह सोई। धनुष यज्ञ जेहि कारण होई॥
जासु विलोकि अलौकिक शोभा। सहज पुनीत मोर मन क्षोभा॥
रघुवंसिन-कर सहज सुभाऊ। मन कुपंथ पग धरैं न काऊ॥
मोहिं अतिशय प्रतीति जिय केरी। जेहिं सपनेहु पर-नारि न हेरी॥
जिनके लहहिं न रिपु रण पीठी। नहिं लावहिं परतिय मन दीठी॥
मंगन लहहिं न जिनके नाहीं। ते नरवर थोरे जग माहीं॥

करत बतकही अनुज सन, मन सिय-रूप लुभान।
मुख सरोज मकरंद छवि, करत मधुप इव पान॥

धरि धीरज एक सखी सयानी। सीता सन बोली गहि पानी॥
बहुरि गौरिकर ध्यान करेहू। भूप किशोर देखि किन लेहू॥
सकुचि सीय तब नयन उघारे। सन्मुख दोउ रघुसिंह निहारे॥
नख सिख देखि रामकी शोभा। सुमिरि पिता-प्रण मन अति क्षोभा॥
परवश सखिन लखी जब सीता। भई गहरु सब कहहिं सभीता॥
पुनि आउब इहि बिरियां काली। अस कहि मन विहँसी एक आली॥
गूढ़ गिरा सुनि सिय सकुचानी। भयउ विलम्ब मातु भय मानी॥
गई भवानी भवन बहोरी। वन्दि चरण बोली करजोरी॥
देवि पूजि पद-कमल तुम्हारे। सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे॥
मोर मनोरथ जानहु नीके। बसहु सदा उर पुर सबहीके॥
सुनु सिय सत्य असीस हमारी। पूजहिं मन कामना तुम्हारी॥

जानि गौरि अनुकूल, सिय हिय हर्ष न जात कहि।
मंजुल मंगल मूल, वाम अंग फरकन लगे॥

हृदय सराहत सीय लुनाई। गुरु समीप गवँने दोउ भाई॥
राम कहा सब कौशिक पाहीं। सरल सुभाव छुआ छल नाहीं॥
सुमन पाइ मुनि पूजा कीन्ही। पुनि असीस दोउ भाइन दीन्ही॥

सफल मनोरथ होहिं तुम्हारे। राम लषण सुनि भये सुखारे॥
करि भोजन मुनिवर विज्ञानी। लगे कहन कछु कथा पुरानी॥
विगत दिवस मुनि आयसु पाई। सन्ध्या करन चले दोउ भाई॥
करि मुनि चरण सरोज प्रनामा। आयसु पाइ कीन्ह विश्रामा॥
विगतनिशा रघुनायक जागे। बन्धु विलोकि कहन अस लागे॥
उगेउ अरुण अवलोकहु ताता। पंकज कोक लोक सुखदाता॥
नित्य क्रिया करि गुरुपहं आये। चरण सरोज सुभग शिरनाये॥

धनुषयज्ञ

शतानन्द तब जनक बुलाये। कौशिक मुनि पहं तुरत पठाये॥
जनक-विनय तिन आइ सुनाई। हर्षे बोलि लिये दोउ भाई॥

शतानन्द-पद बन्दि प्रभु, बैठे प्रभु पहं जाइ।
चलहु तात मुनि कहेउ तब, पठवा जनक बुलाइ॥

पुनि मुनि-वृन्द समेत कृपाला। देखन चले धनुष-मखशाला॥
रंग—भूमि आये दोउ भाई। अस सुधि सब पुरवासिन पाई॥
चले सकल गृह काज विसारी। बालक युवा जरठ नर नारी॥
देखी जनक भीर भइ भारी। शुचि सेवक सब लिये हंकारी॥
तुरत सकल लोगन पहं जाहू। आसन उचित देहु सब काहू॥

कहि मृदु वचन विनीत तिन, बैठारे नर नारि।
उत्तम मध्यम नीच लघु, निज निज थल अनुहारि॥

हरषे जनक देखि दोउ भाई। मुनि-पद-कमल गहे तब जाई॥
करि विनती निज कथा सुनाई। रंग अवनि सब मुनिहिं दिखाई॥
जहं जहं जाहिं कुंवर वर दोऊ। तहं तहं चकित चितव सब कोऊ॥

निज निज रुचि रामहिं सब देखा। कोउ न जान कछु मर्म विशेषा॥
भलि रचना मुनि नृपसन कहेऊ। राजा मुदित परम सुख लहेऊ॥

सब मंचनते मंच एक, सुन्दर विशद विशाल।
मुनि समेत दोउ बन्धु तहँ, बैठारे महिपाल॥
जानि सुअवसर सीय तब, पठवा जनक बुलाइ।
चतुर सखी सुन्दर सकल, सादर चलीं लिवाइ॥

सिय सोभा नहिं जाइ बखानी। जगदम्बिका रूप—गुण--खानी॥
उपमा सकल मोहिं लघुलागी। प्राकृत नारि अंग अनुरागी॥
तब बंदीजन जनक बुलाये। विरदावली कहत चलि आये॥
कह नृप जाइ कहहु प्रण मोरा। चले भाट हिय हर्ष न थोरा॥

जनककी प्रतिज्ञा

बोले बंदी वचन वर, सुनहु सकल महिपाल।
प्रण विदेह-कर कहहिं हम, भुजा उठाइ विशाल॥

नृप भुजवल विधु शिवधनु राहू। गरुअ कठोर विदित सब काहू॥
रावण बाण महाभट भारे। देखि सरासन गवहिं सिधारे॥
सोइ पुरारि—कोदण्ड कठोरा। राज समाज आजु जेंहि तोरा॥
त्रिभुवन जय समेत वैदेही। विनहिं विचार वरै हठि तेही॥
सुनि प्रण सकल भूप अभिलाषे। भटमानी अतिशय मनमाषे॥

धनुर्भञ्जनका उद्योग

परिकर बांधि उठे अकुलाई। चले इष्ट—देवन शिर नाई॥

तमकि धरहिं धनु मूढ़ नृप, उठइ न चलहिं लजाय।
मनहु पाय भट-बाहुवल, अधिक अधिक गरुआय॥

भूप सहस दस एकहिं बारा। लगे उठावन टरै न टारा॥
डिगै न शम्भु शरासन कैसे। कामी-वचन सती—मन जैसे॥
सब नृप भये योग उपहासी। जैसे बिनु बिराग संन्यासी॥
कीरति विजय वीरता भारी। चले चाप कर सरबस हारी॥
श्री-हत भये हारि हिय राजा। बैठे निज निज जाइ समाजा॥

जनक--खेद

नृपन विलोकि जनक अकुलाने। बोले वचन रोष जनु साने॥
कहहु काहि यह लाभ न भावा। काहु न शंकर चाप चढ़ावा॥
रहा चढ़ाउब तोरब भाई। तिल भरि भूमि न सकेउ छुड़ाई॥
अब जनि कोउ माषै भट मानी। वीर विहीन मही मैं जानी॥
तजहु आस निज निज गृह जाहू। लिखा न विधि वैदेहि विवाहू॥
सुकृत जाय जो प्रण परिहरऊँ। कुंवरि कुंवारि रहै का करऊँ॥
जो जनतेऊँ बिनु भट महि भाई। तौ प्रण करि करतेउँ न हँसाई॥
जनक वचन सुनि सब नर नारी। देखि जानकी भये दुखारी॥

लक्ष्मणका प्रतिवाद

माषे लषण कुटिल भइ भौंहैं। रदपुट फरकत नयन रिसौंहैं॥

कहि न सकत रघुवीर डर, लगे वचन जनु बान।
नाइ राम-पद-कमल सिर, बोले गिरा प्रमान॥

रघुवंशिन महं जहं कोउ होई। तेहि समाज अस कहै न कोई॥
कही जनक जस अनुचित बानी। विद्यमान रघुकुल-मणि जानी॥
सुनहु भानुकुल---पंकज—भानू। कहौं सुभाव न कछु अभिमानू॥

तोरौं छत्रक—दण्ड जिमि, तव प्रताप बल नाथ।
जो न करौं प्रभुपद सपथ, पुनि न धरौं धनु हाथ॥

सैनहिं रघुपति लषण निवारे। प्रेम समेत निकट बैठारे॥
विश्वामित्र समय शुभ जानी। बोले अति सनेह मृदु बानी॥
उठहु राम भंजहु भव-चापा। मेटहु तात जनक परितापा॥
सुनि गुरु-वचन चरण सिर नावा। हर्ष विषाद न कछु उर आवा॥

धनुर्भङ्ग

ठाढ़ भये उठि सहज सुभाये। ठवनि युवा मृग-राज लजाये॥
चाप समीप राम जब आये। नर नारिन सुर सुकृत मनाये॥
गुरुहिं प्रणाम मनहिं मन कीन्हा। अति लाघव उठाइ धनु लीन्हा॥
दमकेउ दामिनि जिमि घन लयऊ। पुनि धनु नभ मण्डल सम भयऊ॥
लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़े। काहू न लखा देख सब ठाढ़े॥
तेहि छिन मंध्य राम धनु तोरा। भयउ भुवन ध्वनि घोर कठोरा॥
प्रभु दोउ खंड चाप महि डारे। देखि लोग सब भये सुखारे॥
सखिन सहित हर्षित सब रानी। सूखत धान परा जनु पानी॥
जनक लहेउ सुख सोच विहाई। पैरत थके थाह जनु पाई॥
श्रीहत भये भूप धनु टूटे। जैसे दिवस दीप छवि छूटे॥
शतानन्द तब आयसु दीन्हा। सीता गमन राम पहं कीन्हा॥

संग सखी सुन्दर चतुर, गावहिं मङ्गल चार।
गवनी बाल मराल गति, सुखमा अंग अपार॥

जाय समीप राम छवि देखी। रहि जनु कुंवरि चित्र अवरेखी॥
चतुर सखी लखि कहा बुझाई। पहिरावहु जयमाल सुहाई॥
सुनत युगल कर माल उठाई। प्रेम विवश पहिराइ न जाई॥
गावहिं छवि अवलोकि सहेली। सिय जयमाल राम उर मेली॥

तब सिय देखि भूप अभिलाषे। क्रूर कुपूत मूढ़ मन मां
उठि उठि पहिरि सनाह अभागे। जहं तहं गाल बजावन लागे

परशुरामका क्रोध

तेहि अवसर सुनि शिव धनु भंगा। आये भृगुकुल-कमल-पतंगा
गौर शरीर भूति भलि भ्राजा। भाल विशाल त्रिपुण्ड विराजा
शीश जटा शशि-वदन सुहावा। रिसिवश कछुक अरुण होइ आवा
भ्रकुटी कुटिल नयन रिस-राते। सहजहुं चितवत मनहुँ रिसाते
वृषभ-कंध दोउ बाहु विशाला। चारु जनेउ माल मृगछाला
कटि मुनि-वसन तूण दुइ बांधे। धनुशर कर कुठार कल कांधे
देखत भृगुपति भेष कराला। उठे सकल भय विकल भुआला
पितु समेत कहि कहि निज नामा। लगे करन सब दण्ड प्रनामा
जनक बहोरि आय शिर नावा। सीय बुलाय प्रणाम करावा
आशिष दीन्ह सखी हरषानी। निज समाज लै गईं सयानी
विश्वामित्र मिले पुनि आई। पद-सरोज मेले दोउ भाई
राम लषण दशरथके ढोटा। दीन्ह अशीष जानि भल जोटा

बहुरि विलोकि विदेह सन, कहहु कहा अति भीर।
पूछत जान अजान जिमि, व्यापेउ कोप शरीर॥

समाचार कहि जनक सुनाये। जेहि कारण महीप सब आये
सुनत वचन फिर अनत निहारे। देखे चाप-खण्ड महि डारे
अति रिस बोले वचन कठोरा। कहु जड़ जनक धनुष केहिं तोरा
अति डर उतर देत नृप नाहीं। कुटिल भूप हरषे मन माहीं

सभय विलोके लोग सब, जानि जानकी भीर।
हृदय न हर्ष विषाद कछु, बोले श्री-रघुवीर॥

नाथ शम्भु धनु भंजन—हारा। होइहि कोउ एक दास तुम्हारा॥
आयसु कहा कहिय किन मोहीं। सुनि रिसाय बोले मुनि कोही॥
सेवक सो जो करै सेवकाई। अरि करनी करि करिय लराई॥
सुनहु राम जेहिं शिव धनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥
सो विलगाइ विहाइ समाजा। नतु मारे जैहैं सब राजा॥
सुनि मुनि-वचन लषण मुसकाने। बोले परशुधरहिं अपमाने॥
बहु धनुहीं तोरी लरिकाईं। कबहुं न असि रिस कीन्ह गुसाईं॥
यहि धनुपर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुल-केतू॥

रे नृप बालक कालवश, बोलत तोहि न संभार।
धनुही सम त्रिपुरारि-धनु, विदित सकल संसार॥

लषण कहा हँसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना॥
छुवत टूट रघुपतहिं न दोषू। मुनि विनुकाज करिय कत रोषू॥
बोले चितै परशुकी ओरा। रे शठ सुनेसि प्रभाव न मोरा॥
बालक जानि वधौं नहिं तोहीं। केवल मुनि जड़ जानेसि मोहीं॥
सहसबाहु—भुज छेदनहारा। परशु विलोकु महीप---कुमारा॥
विहँसि लषण बोले मृदुवानी। अहो मुनीश महा-भट मानी॥
पुनि पुनि मोहिं दिखाव कुठारा। चहत उड़ावन फूंकि पहारा॥
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इनपर न सुराई॥
बधे पाप अपकीरति हारे। मारत हू पां परिय तुम्हारे॥
कोटि कुलिश सम वचन तुम्हारा। वृथा धरहु धनुबाण कुठारा॥

जो विलोकि अनुचित कहेउ, क्षमहु महामुनि धीर।
सुनि सरोष भृगुवंश मणि, बोले गिरा गंभीर॥

कौशिक सुनहु मन्द यह बालक। कुटिल कालवश निज कुलघालक॥
तुम हटकहु जो चहहु उवारा। कहि प्रताप वल रोष हमारा॥
लषण कहा मुनि सुयश तुम्हारा। तुमहिं अछत को वरनै पारा॥
सुनत लषणके वचन कठोरा। परशु सुधारि धरेउ कर घोरा॥
बाल विलोकि बहुत मैं बांचा। अब यह मरणहार भा सांचा॥
कौशिक कहा क्षमिय अपराधू। बाल दोष गुण गनहि न साधू॥
उतर देत छाड़ौं विनु मारे। केवल कौशिक शील तुम्हारे॥
कहेउ लषण मुनि शील तुम्हारा। को नहिं जान विदित संसारा॥
सुनि कटु बचन कुठार सुधारा। हाहा कहि सब लोग पुकारा॥

लषण उतर आहुति सरिस, भृगुपति कोप कृशानु।
वढ़त देखि जल सम वचन, बोले रघुकुलभानु॥

नाथ करहु बालक पर छोहू। शुद्ध दूध मुख करिय न कोहू॥
जो लरिका कछु अनुचित करहीं। गुरु पितु मातु मोद मन भरहीं॥
करिय कृपा शिशु सेवक जानी। तुम सम शील धीर मुनि ज्ञानी॥
राम वचन सुनि कछुक जुड़ाने। कहि कछु लषण बहुरि मुसकाने॥
हँसत देखि नख सिख रिस व्यापी। राम तोर भ्राता वड़ पापी॥
थर थर कांपहिं पुर-नर-नारी। छोट कुमार खोट अति भारी॥
अति पुनीत मृदु शीतल बानी। बोले राम जोरि युग पानी॥
सुनहु नाथ तुम सहज सुजाना। बालक वचन करिय नहिं काना॥
करिय वेगि जेहि विधि रिसि जाई। मुनिनायक सोइ करिय उपाई॥
कह मुनि राम जाइ रिस कैसे। अजहुं वन्धु तव चितव अनैसे॥
यहिके कण्ठ कुठार न दीन्हा। तौ मैं कहा कोप करि कीन्हा॥

परशुराम तब राम प्रति, बोले वचन सक्रोध।
शम्भु-शरासन तोरि शठ, करसि हमार प्रबोध॥

न्धु कहै कटु सम्मत तोरे। तू छल विनय करसि कर जोरे॥
रु परितोष मोर संग्रामा। नाहित छांडु कहाउब रामा॥
गुपति तमकि कुठार उठाये। मन मुसुकाहिं राम शिर नाये॥
नहु लषण कर हमपर रोषू। कतहुँ सुधाइहु ते बड़ दोषू॥
म कहा रिस तजिय मुनीशा। कर कुठार आगे यह शीशा॥
हि रिस जाइ करिय सोइ स्वामी। मोहिं जानि आपन अनुगामी॥

प्रभु सेवकहिं समर कस, तजहु विप्रवर रोष।
वेष विलोकि कहेसि कछु, बालकहूं नहिं दोष॥
बारबार मुनि विप्रवर, कहा रामसन राम।
बोले भृगुपति सरुष होइ, तुहूं बंधुसम वाम॥

म कहा मुनि कहहु विचारी। रिस अति बड़ि लघु चूक हमारी॥
वतहिं टूट पिनाक पुराना। मैं केहि हेतु करौं अभिमाना॥
र प्रभाव विदित नहिं तोरे। बोलसि निदर विप्रके भोरे॥
जेउ चाप दाप अति बाढ़ा। अहमिति मनहु जीति जग ठाढ़ा॥

जो हम निदरहिं विप्रवर, सत्य सुनहु भृगुनाथ॥
तौ अस को जग सुभट जेहि, भयबस नावहिं माथ॥

त्रिय तनु धरि समर सकाना। कुल कलंक तेहि पामर जाना॥
हौं सुभाव न कुलहिं प्रसंसी। कालहु डरहिं न रण रघुबंसी॥
प्रवंसकी अस प्रभुताई। अभय होइ जो तुमहिं डराई॥
नि मृदु गूढ़ वचन रघुपतिके। उघरे पटल परशुधर मतिके॥

राम रमापति कर धनु लेहू। खैंचहु चाप मिटै स
छुवत चाप आपुहि चढ़ि गयऊ। परशुराम मन विस्मय भ
जाना राम प्रभाव तब, पुलकि प्रफुल्लित गात।
जोरि पाणि बोले वचन, प्रेम न हृदय संमात॥
करौं कहा मुख एक प्रशंसा। जय महेश मन मानस हं
अनुचित बहुत कहेऊँ अज्ञाता। क्षमहु क्षमा मंदिर दोउ भ्रा
जय रघुवंश कमल-वन-भानू। गहन दनुज कुल दहन कृ
जय सुर विप्र धेनु हितकारी। जय मद मोह कोह भ्रमहा
कह जय जय जय रघुकुलकेतू। भृगुपति गये बनहिं तप
सुख विदेह कर वरणि न जाई। जन्म दरिद्र मनहुं निधि
विगतत्रास भइ सीय सुखारी। जनु विधु उदय चकोर कुमा
जनक कीन्ह कौशिकहिं प्रणामा। प्रभु प्रताप धनु भंजेउ रा
मोहिं कृत-कृत्य कीन्ह दोउ भाई। अब जो उचित सो कहिय गु
कह मुनि सुनु नरनाह प्रवीना। रहा विवाह चाप आधी

बरातके लिये दशरथको निमंत्रण

दूत अवधपुर पठवहु जाई। आनै नृप दशरथहिं बु
मुदित राउ कहि भलेहि कृपाला। पठये दूत अवध तेहि का
बहुरि महाजन सकल बुलाये। आइ सबन सादर शिर
हाट बाट मंदिर पुर बासा। नगर संवारहु चारिहु पा
पहुंचे दूत रामपुर पावन। हरषे नगर विलोकि सुहा
भूप द्वार तिन खबरि जनाई। दशरथ नृप सुनि लिये बु
करि प्रणाम तिन पाती दीन्ही। मुदित महीप आप उठि ली

कुशल प्राणप्रिय वन्धु दोउ, अहहिं केहहु केहि देश।
सुनि सनेह साने वचन, वांची वहुरि नरेश।
तव उठि भूप वशिष्ठ कहं, दीन्ह पत्रिका जाइ।
कथा सुनाई गुरुहि सव, सादर दूत वुलाइ॥
नि वोले मुनि अति सुख पाई। पुण्य पुरुष कहं महि सुखदाई॥
मि सरिता सागरमहं जाहीं। यद्यपि ताहि कामना नाहीं॥
मि सुख सम्पति विनहिं वुलाये। धर्मशील पहं जाहिं सुभाये॥
न गुरु विप्र धेनु सुर सेवी। तस पुनीति कौशल्या देवी॥
कृती तुम समान जग माहीं। भयउ न है कोउ होनेउ नाहीं॥
न ते अधिक पुण्य वड़ काके। राजन् राम सरिस सुत जाके॥
र विनीत धर्म-व्रत-धारी। गुण सागर वालक वर चारी॥
ह कहं सर्व काल कल्याना। सजहु वरात वजाइ निशाना॥
चलेउ वेगि सुनि गुरु वचन, भलेहिं नाथ शिर नाइ।
भूपति गवने भवन तव, दूतहिं वास दिवाइ॥
ना सव रनिवास वुलाई। जनक-पत्रिका वांचि सुनाई॥
ने सन्देश सकल हरषानी। अपर कथा सव भूप वखानी॥

वरातकी तैयारी

भरत पुनि लिये वुलाई। हय गय स्यन्दन साजहु जाई॥
हु वेगि रघुवीर. वराता। सुनत पुलक पूरे दोउ भ्राता॥
त सकल साहनी वुलाये। आयसु दीन्ह मुदित, उठि धाये॥
त्र रुचि तुरंग साजि तिन साजे। वर्ण वर्ण वर वाजि विराजे॥
ग सकल सुठि चंचल करनी। अस जिमि जरत धरत पगुधरनी॥

नाना भाँति न जाइ बखाने। निदरि पवन जनु चहत उड़ा
तिन पर छयल भये असवारा। भरत सरिस सब राजकुमा
सब सुन्दर सब भूषण धारी। कर शर चाप तूण कटि भा

चढ़ि चढ़ि रथ बाहर नगर, लागी जुरन बरात।
होत सगुन सुन्दर सुखद, जो जेहि कारज जात॥

कोटिन कांवरि चले कहारा। विविध वस्तु को वरणै पा
गरजहिं गज घंटा ध्वनि घोरा। रथ रव वाजि हींस चहुं ओ
निदरि घनहिं घूमरहिं निशाना। निज पराव कछु सुनिय न का
महाभीर भूपतिके द्वारे। रज छुइ जाइ पषाण प
चढ़ी अटारिन देखहिं नारी। लिये आरती मंगल था
गावहिं गीत मनोहर नाना। अति आनन्द न जाइ बखा
तव सुमन्त दुइ स्यन्दन साजी। जोते हय रवि-निन्दक-बा
दोउ रथ रुचिर भूप पहं आने। नहिं शारद प्रति जाहिं ब
राज समाज एक रथ साजा। दूसर तेज पुंज अति भ्रा

तेहि रथ रुचिर वशिष्ठ कहं, हरषि चढ़ाइ नरेश।
आपु चढ़े स्यन्दन सुमिरि, हर गुरु गौरि गणेश॥

सहित वशिष्ठ सोह नृप कैसे। सुर-गुरु संग पुरन्दर जै
करि कुल रीति वेद विधि राऊ। देखि सबहिं सब भांति बना
सुमिरि राम गुरु आयुस पाई। चले महीपति शंख बजा
हरषे विबुध विलोकि बराता। बरषहिं सुमन सुमंगल दा

बरातकी अगवानी

आवत जानि बरात वर, सुनि गहगहे निशान।
सजि गज रथ पदचर तुरंग, लेन चले अगवान॥

करि पूजा बहु मान बड़ाई। जनवासे कहं चले लिवाई॥
आसन विचित्र पांवड़े परहीं। नृप दशरथ तापर पग धरहीं॥
अति सुन्दर दीन्हेउ जनवासा। जहं सब कहं सब भांति सुपासा॥

भूप विलोके जबहिं मुनि, आवत सुतन समेत।
उठेउ हरषि सुखसिन्धु महं, चले थाहसी लेत॥

मुनिहिं दण्डवत कीन्ह महीशा। बारबार पद-रज धरि शीशा॥
कौशिक राउ लिये उरलाई। दै अशीश पूछी कुशलाई॥
पुनि दण्डवत करत दोउ भाई। देखि नृपति उर सुख न समाई॥
सुत हिय लाइ दुसह दुख मेटे। मृतक शरीर प्राण जनु भेंटे॥
पुनि वशिष्ठ पद शिर तिन नाये। प्रेम मुदित मुनिवर उर लाये॥
भरत सहानुज कीन्ह प्रणामा। लिये उठाइ लाइ उर रामा॥
हरषे लषण देखि दोउ भ्राता। मिले प्रेम परिपूरण गाता॥

पुरजन, परिजन, जातिजन, याचक मंत्री मीत।
मिले यथाविधि सबहिं प्रभु, परम कृपालु विनीत॥

रामहिं देखि बरात जुड़ानी। प्रीतिकि रीति न जाइ बखानी॥
पुरोहितहिं कहेउ नरनाहा। अब विलम्ब कर कारण काहा॥
शतानन्द तब सचिव बुलाये। मंगल कलश शकुन सब लाये॥
भयउ समय अब धारिय पाऊ। यह सुनि परा निसानन घाऊ॥

सजि आरती अनेक विधि, मंगल सकल संवारि॥
चलीं मुदित परिछन करन, गज गामिनि वर नारि॥
जो सुख भा सियमातु-मन, देखि राम वरवेष।
सो न सकहिं कहि कलपशत, सहस शारदा शेष॥

वेद विदित अरु कुल व्यवहारू। कीन्ह भली विधि सब परिचा
पंच शब्द ध्वनि मंगल गाना। पट पांवड़े परहिं विधि ना
करि आरती अर्घ तिन दीन्हा। राम गवन मंडप तब कीन्ह

नाऊ, वारी, भाट नट, राम निछावरि पाइ।
मुदित अशीसहिं नाइ सिर, हर्ष न हृदय समाइ॥

मिले जनक दशरथ अति प्रीती। करि वैदिक लौकिक सब री
देत पांवड़े अर्घ सुहाये। सादर जनक मण्डपहिं ला
पूजे भूपति सकल बराती। समधी सम सादर सब भां
समय विलोकि वशिष्ठ बुलाये। सादर शतानन्द मुनि आ
वेगि कुँवरि अब आनहु जाई। चले मुदित मन आयसु पा
रानी सुनि उपरोहित बानी। प्रमुदित सखिन समेत सयानि
सीय संवारि समाज बनाई। मुदित मंडपहिं चलीं लि
सिय सुन्दरता वरणि न जाई। लघु मति बहुत मनोहरता
तेहि अवसर करि विधि व्यवहारू। दुहुं कुल-गुरु सब कीन्ह प्रचा
पढ़हिं वेद मुनि मंगल बानी। गगन सुमन झरि अवसर जा
वर विलोकि दम्पति अनुरागे। पांय पुनीत पखारन ला

हिमवन्त जिमि गिरिजा महेशहिं हरिहिं श्री सागर दई।
तिमि जनक रामहिं सिय समर्पी, विश्वकुल कीरति नई॥
किमि करै विनय विदेह कीन्ह विदेह मूरति सांवरी।
करि होम विधिवत गांठि जोरी, होन लागीं भांवरी॥
जय ध्वनि बन्दी वेद ध्वनि, मंगल गान निशान।
सुनि हरषहिं वरषहिं विवुध, सुरतरु सुमन सुजान॥

हुरि वशिष्ठ दीन्ह अनुसासन। वर दुलहिनि वैठे एक आसन॥

तव जनक पाइ वशिष्ठ आयसु व्याह साजि संवारि कै।
माण्डवी श्रुतिकीर्ति उर्मिला, कुंवरि लई हंकारि कै॥
कुशकेतु-कन्या प्रथम जो गुण-शील-सुख-शोभा-मई।
सव रीति प्रीति-समेत करि सो व्याह नृप भरतहिं दई॥
जानकी-लघु-भगिनि जो सुन्दर-शिरोमणि जानि कै।
सो जनक दीन्ही व्याहि लषणहिं, सकल विधि सनमानि कै॥
जेहि नाम श्रुतिकीरति सुलोचनि, सुमुख सव गुण-आगरी।
सो दई रिपुसूदनहिं भूपति, रूप-शील-उजागरी॥

स रघुवीर व्याह विधि वरणी। सकल कुंवर व्याहे तेहि करणी॥
हि न जाय कछु दाइज भूरी। रहा कनकमणि मण्डप पूरी॥
तु अनेक करिय किमि लेखा। कहि न जाइ जानहिं जिन देखा॥
कर जोरि जनक मृदुवानी। वोले सव वरात सनमानी॥

सहित वधूटिन कुंवर सव, तव आये पितु पास।
शोभा मंगल मोद भरि, उमगेउ जनु जनवास॥

जेवनार भयी वहु भांती। पठये जनक वोलाय वराती॥
त पांवड़े वसन अनूपा। सुतन समेत गवन किय भूपा॥
दर सवके पांव पखारे। यथा योग्य पीढ़न वैठारे॥
दर लगे परन ॰ पनवारे। कनक-कील-मणि-परण संवारे॥
सन लगे सुआर सुजाना। व्यंजन विविध नाम, को जाना॥
हे विधि सवहीं भोजन कीन्हा। आदर सहित आचमन लीन्हा॥

देइ पान पूजे जनक, दशरथ सहित समाज॥
जनवासे गवने मुदित, सकल भूप सिर-ताज॥
बहुत दिवस बीते यहि भांती। जनु सनेह-रज्जु बँधे बरा
कौशिक शतानन्द तब जाई। कहो विदेह नृपहिं समुझा
बारबार कौशिक—चरण, शीश नाइ कह राउ।
यह सब सुख मुनिराज तब, कृपा-कटाक्ष प्रभाउ॥
अब दशरथ कहं आयसु देहू। यद्यपि छांड़ि न सकहु स
भलेहि नाथ कहि सचिव बुलाये। कहि जय जीव शीश तिन न
अवध-नाथ चाहत चलन, भीतर करहु जनाव।
भये प्रेमबस सचिव सुनि, विप्र-सभासद-राव॥
दायज अमित न सकिय कहि, दीन्ह विदेह बहोरि।
जो-अवलोकत लोकपति, लोक-संपदा थोरि॥
चलत बरात सुनत सब रानी। विकल मीनगण जनु लघु पा
जरहिं पतंग विमोहवश, भार वहहिं खरवृन्द ॥
ते नहिं शूर कहावहीं, समुझ देखु मतिमन्द ॥
तोहिं पटकि महि सेन हति, चौपट करि तव गाउं ॥
मन्दोदरी समेत शठ, जनक सुतहिं लै जाउं ॥

जो अस करउं न तदपि बड़ाई । मुयहि वधे कछु नहिं मनुसाई
कौल कामवश कृपण विमूढ़ा । अतिदरिद्र अवशी अति बूढ़ा
सदा रोगवश सन्तत क्रोधी । रामविमुख श्रुति-सन्त-विरोधी
निज तनु-पोषक निर्दय-खानी । जीवत शव-सम चौदह प्रानी
अस विचारि खल वधौं न तोहीं । अब जनि रिस उपजावसि मोहीं
सुनि सकोप कह निशिचरनाथा । अधर दशन गहि मींजत हाथा
रे कपि पोच मरण अब चहसी । छोटे बदन बात बड़ि कहसी

कटु जल्पसि जड़ कपिवल जाके। बुधिबले तेज प्रताप न ताके॥

अगुण अमान विचारि तेहि, दीन पिता वनवास॥
सो दुख अरु युवतीविरह, पुनि निशिदिन मम त्रास॥

जब तेहिं कीन्ह रामको निन्दा। क्रोधवन्त तब भयउ कपिन्दा॥
हरि हर निंदा सुनै जो काना। होइ पाप गो घात समाना॥
कटकटाइ कपिकुंजर भारी। दोउ भुजदण्ड तमकि महिमारी॥
डोलत धरणि सभासद खसे। चले भागि भय मारुत ग्रसे॥
गिरत दशानन उठेउ संभारी। भूतल परेऊ मुकुट षटचारी॥
कछु निज कर लै शिरन संभारे। कछु अंगद प्रभु पास पवांरे॥
आवत मुकुट देखि कपि भागे। दिनहीं लूक परन अब लागे॥
की रावण करि कोप चलाये। कुलिश चारि आवत अति धाये॥
कह प्रभु विहंसि जनि हृदय डराहू। लूक न अशनि केतु नहिं राहू॥
ये किरीट दशकन्धर केरे। आवत बालि-तनयके प्रेरे॥

कूद गहे कर पवनसुत, आनि धरे प्रभुपास॥
कौतुक देखहिं भालु कपि, दिनकरसरिस प्रकास॥

यहां कहत दशकन्ध रिसाई। धरि मारहु कपि भागि न जाई॥
पुनि सकोप बोलेउ युवराजा। गाल बजावत तोहिं नहिं लाजा॥
मैं तव दशन तोरिबे लायक। आयसु पै न दीन रघुनायक॥
अस रिस होति दशौं मुख तोरौं। लंका गहि समुद्र महँ बोरौं॥

अंगदका पैर रोपना

राम प्रताप सुमिरि कपि कोपा। सभा मांझ प्रण करि पद रोपा॥

जो मम चरण सकसि शठ टारी । फिरहिं राम सीता मैं हारी ॥
इन्द्रजीत आदिक बलशाना । हर्षि उठे जहँ तहँ भटनाना ॥
झपटहिं करि बल बिपुल उपाई । पद न टरै बैठहिं शिरनाई ॥
पुरुष कुयोगी जिमि उरगारी । मोह बिटप नहिं सकहिं उपारी ॥

भूमि न छांड़ै कपिचरण, देखत रिपु-मद भाग ॥
कोटि बिघ्न जिमि सन्त कहं, तदपि नीति नहिं त्याग ॥

कपिबल देखि सकल हिय हारे । उठा आप कपिके परचारे ॥
गहत चरण कह बालिकुमारा । ममपद गहे न तोर उबारा ॥
गहसि न रामचरण शठ जाई । सुनत फिरा मन अति सकुचाई ॥
भयो तेजहत श्री सब गई । मध्य दिवस जिमि शशि सोहई ॥
सिंहासन बैठा शिर नाई । मानहुं सम्पति सकल गंवाई ॥
पुनि कपि कही नीति बिधिनाना । मानत नाहिं काल नियराना ॥
रिपु मदमथि प्रभु सुयश सुनाये । असकहि चले बालि नृपजाये ॥
यातुधान अंगद बल देखी । भे व्याकुल अति हृदय विशेषी ॥

रिपुबल धर्षि हर्षि हिय, बालितनय बल पुंज ॥
सजल नयन तनु पुलक अति, गहे रामपद कंज ॥

मन्दोदरीका फिर समझाना

सांझ जानि दशकण्ठ तब, भवन गयउ बिलखाइ ॥
मन्दोदरी अनेक बिधि, बहुरि कहा समुझाइ ॥

कन्त समुझि मन तजहु कुमतिही । सोह न समर तुमहिं रघुपतिही ॥
अहह कन्त कृत राम बिरोधा । काल विवश मन होइ न बोधा ॥

कालदण्ड गहि काहु न मारा। हरै धर्म्म वल वुद्धि विचारा ॥
निकट काल जेहि आवत साँई। तेहि भ्रम होइ तुम्हारिहिं नांई ॥

दोइ सुत मारेउ पुर दहेउ, अजहुं पीय सिय देहु ॥
कृपासिन्धु रघुवीर भजि, नाथ विमलयश लेहु ॥

नारिवचन सुनि विशिष समाना। सभा गयो उठि होत विहाना ॥
बैठा जाइ सिंहासन फूली। अति अभिमान त्रास सव भूली ॥
वहां राम अंगदहिं वुलावा। आइ चरण पंकज शिरनावा ॥
अति आदर समीप बैठारी। बोले विहंसि कृपालु खरारी ॥
रावण यातुधान-कुल-टीका। भुजबल अतुल जासु जगलीका ॥
तासु मुकुट तुम चारि चलाये। कहहु तात कवनी विधि पाये ॥
कहा वालिसुत सुनहु खरारी। मुकुट न होइँ भूप गुण चारी ॥
साम दाम अरु दण्ड विभेदा। नृप उर वसहिं नाथ कह वेदा ॥
नीति धर्म्मके चरण सुहाये। अस जिय जानि नाथ पहं आये ॥

धर्महीन प्रभुपद विमुख, कालविवश दशशीश ॥
आये गुण तजि रावणहिं, सुनहुं कोशलाधीश ॥
परम चतुरता श्रवण सुनि, विहंसे राम उदार।
समाचार तव सब कहेउ, गढ़के वालिकुमार ॥

युद्धकी व्यवस्था

रिपुके समाचार जब पाये। राम सचिव तव निकट वुलाये ॥

लंका बंका चारि दुवारा । केहि विधि लागिय कहहु बिचा[illegible]
तब कपीश ऋक्षेश विभीषण । सुमिरि हृदय दिनकर-कुल-भू[illegible]
करि बिचार तिन मंत्र दृढ़ावा । चारि अनी कपि कटक ब[illegible]
यथायोग्य सेनापति कीन्हे । यूँथप सकल बोलि तिन [illegible]

लङ्कापर राम दलकी चढ़ाई

जयति राम भ्राता सहित, जय कपीश सुग्रीव ॥
गर्जें केहरिनाद कपि, भालु महाबल सीव ॥

लंका भयउ कोलाहल भारी । सुनेउ दशानन अतिहि हं[illegible]
देखउ बनरन्ह केरि ढिठाई । बिहंसि निशाचर सेन बु[illegible]
आये कीश कालके प्रेरे । क्षुधावन्त रजनीचर [illegible]
सुभट सकल चारिहुं दिशि जाहू । धरि धरि भालु कीश सब [illegible]

नानायुध शर चाप धरि, यातुधान बलवीर ॥
कोट कंगूरन चढ़ि गये, कोटि कोटि रणधीर ॥

बाजहिं ढोल निशान जुझाऊ । सुनि सुनि सुभटनके मन [illegible]
बाजहिं भेरि नफीरि अपारा । सुनि कादर उर होइं [illegible]
देखि न जाइं कपिनके ठट्टा । अति विशाल तनु भालु सु[illegible]
धावहिं गनहिं न औघट घाटा । पर्वत फोरि करहिं गहि [illegible]
कटकटाइ कोटिन भट गर्जहिं । दशनन ओठ काटि अति [illegible]
उत रावण इत राम दोहाई । जयति जयति कहि परी[illegible]
निशिचर शिखर समूह ढहावहिं । कूदि धरहिं कपि फेरि चला[illegible]
रामप्रताप प्रबल कपि यूथा । मर्दहिं निशिचर-निकर-[illegible]

रावणका क्रोध

जदल बिचल सुना जब काना । फिरे सुभट लंकेश रिसाना ॥
ो रणबिमुख फिरा मैं जाना । तेहि मारिहौं कराल कृपाना ॥
र्बस खाइ भोग करि नाना । समर भूमि भा दुर्लभ प्राना ॥
ग्र वचन सुनि सकल डराने । फिरे क्रोध करि सुभट लजाने ॥
न्मुख मरण वीरकी शोभा । तब तिन तजा प्राणकर लोभा ॥

बहु आयुध धरि सुभट सब, भिरहिं प्रचारि प्रचारि ॥
कीन्हे व्याकुल भालु कपि, परिघ प्रचण्डनि मारि ॥

य आतुर कपि भागन लागे । यद्यपि उमा जीतिहैं आगे ॥
घनाद तहं करै लराई । टूट न द्वार परम कठिनाई ॥
पवनतनय मन भा अति क्रोधा । गर्जेउ प्रलय काल सम योधा ॥
दि लंक गढ़ ऊपर आवा । गहि गिरि मेघनाद पर धावा ॥
जेउ रथ सारथी निपाता । तासु हृदय महँ मारेउ लाता ॥
सर सूत विकल तेहि जाना । स्यंदन घालि तुरत घर आना ॥

अंगद सुनेउ कि पवनसुत, गढ़पर गयउ अकेल ॥
समर-बांकुरा बालिसुत, तर्कि चलेउ करि खेल ॥

नि कर गहि कंचनके खम्भा । करन लगे उतपात अरम्भा ॥
दि परे रिपु-कटक मंझारी । लागे मर्दन भुजबल भारी ॥

एक एक सन मर्दि करि, तोरि चलावहिं मुंड ॥
रावण आगे परहिं ते, जनु फूटहिं दधि-कुंड ॥

महा-महा मुखिया जे पावहिं । ते पद गहि प्रभु पास चलावहिं ॥

कहहिं विभीषण तिनके नामा । देहिं राम तिनकहँ निजधामा ॥
खल मनुजाद जो आमिष भोगी । पावहिं गति जो याचत योगी ॥
अंगद अरु हनुमंत प्रवेशा । कीन्ह दुर्ग अस कह अवधेशा ॥

भुजबल रिपुदल दलि मलेउ, देखि दिवसकर अन्त ॥
कूदे युगल प्रयास बिनु, आये जहं भगवन्त ॥

प्रभुपद-कमल-शीश तिन नाये । देखि सुभट रघुपति मन भाये ॥
गये जानि अंगद हनुमाना । फिरे भालु मर्कट भट नाना ॥
यातुधान प्रदोष बल पाई । धाये करि दशशीश दुहाई ॥
निशिचर-अनी देखि कपि फिरे । कटकटाइ जहं तहं भट भिरे ॥
दोउ दल भिरहिं प्रचारि प्रचारी । लरहिं सुभट नहिं मानहिं हारी ॥
भयउ निमिषमहं अति अंधियारा । काहु न सूझै अपन पराया ॥
मारु खाहु सब करहिं पुकारा । वृष्टि होइ रुधिरोपल क्षारा ॥

देखि निविडतम दशहुं दिशि, कपि दल भयउ खभार ॥
एकहि एक न देख जब, जहं तहं करहिं पुकार ॥

पुनि कृपालु हंसि चाप चढ़ावा । पावक सायक सपदि चलावा ॥
भयउ प्रकाश कतहुं तम नाहीं । ज्ञान उदय जिमि संशय जाहीं ॥
हनूमान अंगद रण गाजे । हांक सुनत रजनीचर भाजे ॥
भागत भट पटकहिं धरि धरनी । करहिं भालु कपि अद्भुत करनी ॥
गहि पद डारहि सागर माहीं । मकर उरग झख धरि धरि खाहीं ॥

कछु घायल कछु रन परे, कछु गढ़ चले पराइ ॥
गर्जे मर्कट भालु भट, रिपु दल बल बिचलाइ ॥

निशा जानि कपि चारिउ अनी । आये सब जहं कोशलधनी ॥
रामकृपा करि चितवा जबहीं । भये विगतश्रम बानर तबहीं ॥
इहां दशानन सचिव हंकारे । सब सन कहेसि सुभट जे मारे ॥
आधा कटक कपिन संहारा । कहहु बेगि का करिय विचारा ॥
माल्यवंत एक जरठ निशाचर । रावण-मातु-पिता मंत्रीवर ॥
बोला बचन नीति अति पावन । तात सुनहु कछु मोर सिखावन ॥
परिहरि वैर देहु वैदेही । भजहु कृपानिधि परम सनेही ॥
ताके बचन बाण सम लागे । करिया मुख करि जाहु अभागे ॥
बूढ़ भयसि नतु मरतेउ तोहीं । अब जनि वदन देखावसि मोहीं ॥
तेइ अपने मन अस अनुमाना । बध्यो चहत यहि कृपानिधाना ॥
सो उठि गयउ कहत दुर्बादा । तब सकोप बोलेउ घननादा ॥
कौतुक प्रात देखियहु मोरा । करिहौं बहुत कहतहौं थोरा ॥

मेघनाद सुनि श्रवण अस, गढ़ पुनि छेंका आइ ॥
उतरि दुर्गते वीरवर, सन्मुख चला बजाइ ॥

शर समूह सो छांड़ै लागा । जनु सपक्ष धावैं बहु नागा ॥
भागे भय-ब्याकुल कपिऋच्छा । बिसरी सबहि युद्धकी इच्छा ॥

मारेसि दश दश विशिष उर, परे भूमि सब वीर ॥
सिंहनाद करि गर्ज तब, मेघनाद रणधीर ॥

देखि पवनसुत कटक बिहाला । क्रोधवन्त धावा जनु काला ॥
महा महीधर तमकि उपारा । अति रिस मेघनाद पर डारा ॥

आवत देखि गयउ नभ सोई । रथ सारथी तुरंग सब खोई ॥
बार बार प्रचार हनुमाना । निकट न आव मर्म्म सो जाना ॥
राम समीप गयो घननादा । नानाभांति कहत दुर्वादा ॥
अस्त्र शस्त्र बहु आयुध डारे । कौतुकही प्रभु काटि निवारे ॥

जासु प्रबल माया विवश, शिव विरंचि बड़ छोट ॥
ताहि देखावत रजनिचर, निज माया मति खोट ॥

अकुलाने कपि माया देखे । सब कर मरण बना इहि लेखे ॥
कौतुक देखि राम मुसुकाने । भये सभीत सकल कपि जाने ॥
एकहि बाण काटि सब माया । जिमि दिनकर हर तिमिर निकाया ॥
कृपादृष्टि कपि भालु विलोके । भये प्रबल रण रहहिं न रोके ॥

आयसु मांगेउ राम पहं, अंगदादि कपि साथ ॥
लक्ष्मण चले सकोप तब, बाण सरासन हाथ ॥

उहां दशानन सुभट पठाये । नाना अस्त्र शस्त्र गहि धाये ॥
भिरे सकल जोरी सन जोरी । इत उत जय इच्छा नहिं थोरी ॥

लक्ष्मणके शक्ति लगना

लक्ष्मण मेघनाद दोउ योधा । भिरहिं परस्परकरि अति क्रोधा ॥
एकहि एक सकै नहिं जीती । निशिचर छल बल करै अनीती ॥
क्रोधवन्त तब भयउ अनन्ता । भंजेउ रथ सारथी तुरन्ता ॥
नानाविध प्रहार करि शेषा । राक्षस भयउ प्राण अवशेषा ॥
रावणसुत निज मन अनुमाना । संकट भयेउ हरिहिं मम प्राना ॥

वीर-घातिनी छांडेसि सांगी । तेजपुंज लक्ष्मण उर लागी ॥
मूर्छा भई शक्तिके लागे । तब चलि गयउ निकट भय त्यागे ॥
मेघनाद सम कोटि सत, योद्धा रहे उठाय ॥
जगदाधार अनन्त सो, उठहिं न चला खिसाय ॥
संध्या भई फिरीं दोउ ऐनी । लगे संभारन निज निज सैनी ॥
व्यापक ब्रह्म अजित भुवनेश्वर । लक्ष्मण कहं पूछा करुणाकर ॥
तब लगि लै आयो हनुमाना । अनुज देखि प्रभु अति दुख माना ॥

हनुमान पहाड़ उठा लाये

जाम्बवन्त कह वैद्य सुषेना । लंका रहै पठइय कोउ लैना ॥
धरि लघु रूप गयो हनुमन्ता । आनेउ भवन समेत तुरन्ता ॥
रघुपति-चरण सरोज शिर, नायउ आइ सुषेन ॥
कहा नामगिरि औषधी, जाहु पवनसुत लेन ॥
देखा शैल न औषधि चीन्हा । सहसा कपि उपारि गिरि लीन्हा ॥
गहि गिरि निशि नभ धावत भयऊ । अवधपुरी ऊपर कपि गयऊ ॥

हनुमानसे भरतकी बातचीत

देखा भरत विशाल अति, निशिचर मन अनुमानि ॥
विनु फर ◌ायक मारेऊ, चाप श्रवण लगि तानि ॥
परेउ मूर्छि महि लागत सायक । सुमिरत राम राम रघुनायक ॥
सुनि प्रिय वचन भरत उठि धाये । कपि समीप अति आतुर आये ॥
विकल विलोकि कीश उरलावा । जागा नहिं बहु भांति जगावा ॥
जो मोरे मन वच अरु काया । प्रीति राम-पद-कमल अमाया ॥

तौ कपि होउ विगत-श्रम-शूला । जो मोपर रघुपति अनुकूला ॥
बचन सुनत उठि वैठ कपीशा । कहि जयजयति कोशलाधीशा ॥

लीन्ह कपिहिं उर लाय, पुलक गात लोचन सजल ॥
प्रीति न हृदय समाय, सुमिरि राम रघुकुल-तिलक ॥

तात कुशल कहु सुखनिधानकी । सहित अनुज अरु मातु जानकी ॥
कपि सब चरित समास बखाने । भये दुखित मन महं पछिताने ॥
तात गहरु होइहैं तोहिं जाता । काज नसाइहि होत प्रभाता ॥
चढ़ु मम सायक शैल समेता । पठवौं तोहिं जहं कृपानिकेता ॥
तव प्रताप उर राखि गुसांई । जैहौं नाथ वाणकी नाईं ॥
हर्षि भरत तब आयसु दीन्हा । पद सिर नाय गमन कपि कीन्हा ॥

रामका विलाप

उहां राम लछमनहिं निहारी । बोले वचन मनुज अनुहारी ॥
अर्द्ध रात्रि गइ कपि नहिं आवा । राम उठाइ अनुज उर लावा ॥
सकहु न दुखित देखि मोहिं काऊ । बन्धु सदा तव मृदुल सुभाऊ ॥
ममहित लागि तजेउ पितु माता । सहेउ विपिन हिम आतप वाता ॥
सो अनुराग कहां अब भाई ? उठउ न सुनि मम बच विकलाई ॥
जो जनतेउं बन बन्धु विछोहू । पिता वचन नहिं मनतेउं ओहू ॥
सुत वित नारि भवन परिवारा । होहिं जाहिं जग बारहिं बारा ॥
अस विचारि जिय जागहु ताता । मिलहिं न बहुरि सहोदर भ्राता ॥
यथा पंख बिनु खगपति दीना । मनि बिनु फणि करिवर कर हीना ॥
तस मम जिवन बंधु बित तोहीं । जो जड़ दैव जिआवै मोहीं ॥

जैहौं अवध कवन मुंह लाई । नारिहेतु प्रिय बन्धु गंवाई ॥
बरु अपयश सहतेउं जगमाहीं । नारि हानि विशेषक्षति नाहीं ॥
अब अवलोकि शोक यह तोरा । सहै कठोर निठुर मन मोरा ॥
निज जननीके एक कुमारा । तात तासु तुम प्रान अधारा ॥
सौंपेउ मोहिं तुमहिं गहि पानी । सब विधि सुखद परमहित जानी ॥
उतर ताहि देहौं का जाई । उठि किन मोहिं सिखावहु भाई ॥
बहुविधि शोचत शोच-विमोचन । श्रवत सलिल राजिव दल लोचन ॥
उमा अखण्ड राम रघुराई । नरगति भाव कृपालु दिखाई ॥

प्रभु बिलाप सुनि कान, बिकल भये वानरनिकर ।
आइ गये हनुमान, जिमि करुना महं वीर रस ॥

हर्षि राम भेंटेउ हनुमाना । अति कृतज्ञ प्रभु परम सुजाना ॥
तुरत वैद्य तब कीन उंपाई । उठि बैठे लक्ष्मण हर्षाई ॥
हृदय लाइ भेंटेउ प्रभु भ्राता । हर्षे सकल भालु कपि व्राता ॥
पुनि कपि वैद्य तहां पहुंचावा । जेहि विधि तबहिं ताहि लै आवा ॥
यह वृतान्त दशानन सुनेऊ । अति विषाद पुनि पुनि सिर धुनेऊ ॥

कुम्भकरणका मैदानमें आना

व्याकुल कुम्भकर्ण पहं गयऊ । करि बहु जतन जगावत भयऊ ॥
जागा निशिचर देखिय कैसा । मानहुं काल देह धरि बैसा ॥
कुम्भकर्ण पूंछा सुनु भाई । काहे तव मुख रहा सुखाई ॥
कथा कही सब तेइं अभिमानी । जेहि प्रकार सीता हरि आनी ॥
महिष खाइ करि मदिरा पाना । गर्जेउ बज्रघात अनुमाना ॥

कुम्भकर्ण दुर्मद रणरंगा । चला दुर्ग तजि सेन न संग॥
नाथ भूधराकार शरीरा । कुम्भकरण आवत रणधीरा॥
इतना कपिन सुना जब काना । किलकिलाय धाये बलवाना॥
लिये उपारि विटप अरु भूधर । कटकटाइ डारे तेहि ऊपर॥
कोटि कोटि गिरि शिखर प्रहारा । करहिं भालु कपि एकहिं बारा॥
गिरै न मुरै टरे नहिं टारे । जिमि गज अर्कफलनके मारे॥

अंगदादि कपि मूर्छित, करि समेत सुग्रीव॥
काँख दाबि कपिराज कहं चला अमित बलसीव॥

मूर्च्छा गई मरुतसुत जागा । सुग्रीवहिं तब खोजन लागा॥
कपिराजहुकर मूर्च्छा बीती । निबुकि गयउ तेहि मृतक प्रतीती॥
कुम्भकर्ण कपि सेन बिडारी । सुनि धाये रजनीचर भारी॥
देखी राम विकल कटकाई । रिपु अनीक नाना विधि आई॥

सुनहु विभीषण लषण सह, सकल संभारहु सैन।
मैं देखौं खलबल दलहिं, बोले राजिवनैन॥

कुम्भकर्णका बध

कर सारंग विशिष कटि भाथा । अरिदल दलन चले रघुनाथा॥
प्रथम कीन्ह प्रभु धनुष टंकोरा । रिपुदल बधिर भयहु सुनि शोरा॥

क्षण महँ प्रभुके सायकन, काटे विकट पिशाच॥
पुनि रघुपतिके त्रोण महँ, प्रविसे सब नाराच॥

कुम्भकर्ण मन दीख निचारी । क्षण महँ हते निशाचर भारी॥
भयउ क्रोध दारुण बलबीरा । करि मृगनायक नाद गंभीरा॥

करि चिकार मुख घोर अति, धावा बदन पसार ॥
गगन सकल सुर त्रास अति, हाहाकार पुकार ॥

सभय देव करुणानिधि जाने । श्रवण प्रयंत शरासन ताने ॥
विशिखनिकर निशिचर मुख भरेऊ। तदपि महाबल भूमि न परेऊ ॥
शरन भरा मुख सन्मुख धावा । कालत्रोण जनु तनु धरि आवा ॥
तब प्रभु कोपि तीव्र शर लीन्हा । धर ते भिन्न तासु सिर कीन्हा ॥
सो सिर परा दशानन आगे । विकल भयउ जिमि फनि मनि त्यागे ॥
धरनि धसै धर धाव प्रचण्डा । तब प्रभु काटि कीन्ह युग खण्डा ॥
दिनके अन्त फिरी दोउ अनी । समर भयउ सुभटन श्रम घनी ॥
रामकृपा कपि दल बल बाढ़ा । जिमि तृन पाइ अनल अति डाढ़ा ॥
खोजहिं निशिचर दिन अरु राती। निजमुख कहे सुकृत जेहि भाँती ॥
बहु बिलाप दशकन्धर करही । पुनि पुनि बन्धु शीश-उर धरही ॥

मेघनादका बध

मेघनाद माया विरचि, रथ चढ़ि गयउ अकास ॥
गर्जेउ प्रलयपयोद जिमि, भा कपिदल अति त्रास ॥

शक्ति शूल शर परिघ कृपाना । अस्त्र शस्त्र कुलिशायुध नाना ॥
डारे. परशु प्रचण्ड पखाना । लागा वृष्टि करै बहु बाना ॥
रहे दशहु दिशि शायक छाई । मानहु मघा मेघ झरि लाई ॥
मारुतसुत अंगद नल नीला । कीन्हेसि विकल सकल बलशीला ॥
पुनि लक्ष्मण सुग्रीव विभीषण । शरन मारि कीन्हेसि जर्जर तन ॥
पुनि रघुपति सन जूझन लागा । छांडत शर होइ लागहिं नागा ॥

व्यालफांस वश भये खरारी । स्ववश अनन्त एक अविकारी
नटइव चरित करत विधिनाना । सदा स्वतंत्र राम भगवाना
व्याकुल कटक कीन्ह घननादा । पुनि भा प्रकट कहत दुर्वादा
जाम्बवन्त कह खल रहु ठाढा । सुनिकै ताहि क्रोध अति बाढा
बूढ़ जानि शठ छांडेउ तोहीं । लागेसि अधम प्रचारन मोहीं
अस कह ताहि त्रिशूल चलावा। जाम्बवन्त सो कर गहि धावा
मारेउ मेघनादकी छाती । परा धरनि घुमित सुरघाती
पुनि रिसाइ गहि चरन फिरावा । महि पछारि निजबलहिं दिखावा
वरप्रसाद सो मरहि न मारा । तब पद गहि लंका पर डारा
इहां देवऋषि गरुण पठाये । राम समीप सपदि चलि आये

पन्नागारि खाये सकल, छिन महँ व्याल बरूथ ॥
भई विगत माया तुरत, हर्षे वानर यूथ ॥
गहि गिरि पादप उपल बहु, धाये कीश रिसाइ ॥
चले तमीचर विकल अति, गढ़ पर चले पराइ ॥

मेघनाद की मूर्छा जागी । पितहिं विलोकि लाजअति लागी
लै त्रिशूल धावा कपि भागे । आवा रामअनुजके आगे
आवत परम क्रोध करि मारा । गर्जि घोर रव बारहिं बारा
कोपि मरुतसुत अंगद धाये । हति त्रिशूल उर धरनि गिराये
प्रभु पर छांड़ेसि शूल प्रचण्डा । शरहति कृत अनन्तयुग खण्डा
उठि बहोरि मारुत युवराजा । हतेउ कोपि तिहि छावन बाजा
फिरे वीर रिपु मरै न मारा । पुनि धावा करि घोर चिकारा

धावत देखि वज्र जनु काला। लक्ष्मण छांड़े विशिख कराला॥
आवत देखि वज्र सम वाना। तुरत भयो खल अन्तर्धाना॥
विविध वेषधरि करे लराई। कबहुंक प्रकट कबहुं दुरि जाई॥
लक्ष्मण मन अस मंत्र दृढ़ावा। इहि पापिहिं मैं बहुत खेलावा॥
छांड़ा बान तासु उर लागा। मरती बार कपट सब त्यागा॥

राम अनुज कहि राम कहि, अस कहि छांड़ेसि प्रान॥
धन्य शक्रजित मातु तव, कहि अंगद हनुमान॥

बिनु प्रयास हनुमान उठावा। लंकाद्वार राखि तेहि आवा॥
तासु मरन सुनि सुर गन्धर्वा। चढ़ि विमान आये नभ सर्वा॥
बरषि सुमन दुन्दुभी बजावहिं। श्री रघुवीर-विमलयश गावहिं॥
जय अनन्त जगदाधारा। प्रभु तुम सब देवन निस्तारा॥
सुत वध सुना दशानन जबहीं। मूर्छित भयउ परेउ महि तबहीं॥
मंदोदरी रुदन करि भारी। उर ताड़त बहु भाँति पुकारी॥

तब दशकण्ठ अनेक विधि, समुझाई सब नारि॥
नश्वर रूप प्रपंच सब, देखहु हृदय विचारि॥

तिनहिं ज्ञान उपदेशत रावन। आपन मंद कथा अति पावन॥
पर उपदेश कुशल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे॥
तासु क्रिया करि निशिचरनाहा। भयउ शोचवश अति उर दाहा॥
सचिव आइ सब लगे सिखावन। बादि विषाद करिय जिय रावन॥
सुत-वित-नारि-विविध सुख कैसे। उपजहिं घटा जाहिं उड़ि जैसे॥
तड़ित दमक देखिय घनमाहीं। रहहिं न थिर सो बहुरि छिपाहीं॥

इह जिय जानि सुनहु दसभाला। बचहि न कोउ जग आये काला॥
सुभट बोलाय दशानन बोला। रण-सन्मुख जाकर मन डोला॥
सो अबहीं बरु जाहु पराई। रणसन्मुख भागे न भलाई॥
चली निशाचर अनी अपारा। चतुरंगिनी चमू बहु धारा॥
विविध भांति वाहन रथ याना। विपुल वरण पताक ध्वज नाना॥
उठी रेणु रवि गयउ छिपाई। पवन थकित वसुधा अकुलाई॥
पणव निशान घोर रव बाजहिं। महाप्रलयके जनु घन गाजहिं॥
भेरि नफीरि बाज सहनाई। मारू राग शूर सुखदाई॥
कहै दशानन सुनहु सुभट्टा। मर्दहु भालु कपिन कर ठट्टा॥
हौं मारिहौं भूप दोउ भाई। अस कहि सन्मुख सैन चलाई॥
यहि सुधि सकल कपिन जब पाई। धाये करि रघुवीरदुहाई॥

विजयके साधन

रावण रथी विरथ रघुवीरा। देखि विभीषण भयउ अधीरा॥
अधिक प्रीति उर भा संदेहा। वन्दि चरण कह सहित सनेहा॥
नाथ न रथ नाहीं पदत्राना। केहि विधि जीतब रिपु बलवाना॥
सुनहु सखा कह कृपानिधाना। जेहि जय होइ सो स्यन्दन आना॥
शौरज धीर जाहि रथ चाका। सत्य शील दृढ़ ध्वजा पताका॥
बलवि-वेक-दम-परहित घोरे। क्षमा-दया-समता रजु जोरे॥
ईश-भजन सारथी सुजाना। विरति चर्म्म सन्तोष कृपाना॥
दान परशु बुधि शक्ति प्रचण्डा। वर विज्ञान कठिन कोदण्डा॥
संयम नियम शिलीमुख नाना। अमल अचल मन त्रोण समाना॥

कवच अभेद विप्रपद-पूजा। इहि सम विजय-उपाय न दूजा ॥
सखा धर्म्म-मय अस रथ जाके। जीतन कहँ न कतहुं रिपु ताके ॥

महाघोर संसार रिपु, जीति सकै सो वीर ॥
जाके अस रथ होइ दृढ़, सुनहु सखा मतिधीर ॥
सुनत विभीषण प्रभु-वचन, हर्षि गहे पदकंज ॥
इह विधि मोहिं उपदेश किय, रामकृपा सुख-पुंज ॥

धावा परम क्रोध दशकन्धर। सन्मुख चले हूह करि बन्दर ॥
गहि गिरि पादप उपल पहारा। डारहिं तेहिपर एकहि बारा ॥
लागहिं शैल वज्र तनु तासू। खण्ड खण्ड होइ फूटहिं आसू ॥
चले पराय भालु कपि नाना। त्राहि त्राहि अंगद हनुमाना ॥
पाहि पाहि रघुबीर गुसाईं। यह खल आव कालकी नाईं ॥
तेहि देखे कपि सकल पराने। दशहु चाप सायक सन्धाने ॥

विचलत देखा कपि कटक, कटि निषंग धनु हाथ ॥
लछिमन चले सकोप तब, नाइ रामपद माथ ॥

रे खल का मारसि कपि भालू। मोहिं बिलोकु तोर मैं कालू ॥
खोजत रहेउं तोहिं सुतघाती। आजु निपाति जुड़ावौं छाती ॥
कहि अस छांड़ेसि बाण प्रचण्डा। लछिमन किये तुरत शतखण्डा ॥
कोटिन आयुध रावण डारे। तिल प्रमाण प्रभु काटि निवारे ॥
पुनि निज बाणन कीन्ह प्रहारा। स्यन्दन भंजि सारथी मारा ॥
शत शत शर मारे दशभाला। गिरिशृंगन जनु प्रविशहिं ब्याला ॥

पुनि शत शर मारे उर माहीं । परेउ अवनि तनु सुधि कछु नाहीं
उठा प्रबल पुनि मूर्छा जागी । छांड़ेसि ब्रह्मदत्त जो सांगी

जो ब्रह्मदत्त प्रचण्ड शक्ति अनन्त उर लागी सही।
परेयो विकल वीर उठाव दशमुख अतुलबल महिमा रही
ब्रह्माण्ड भुवन विराज जाके एक शिर जिमि रजकनी
तेहि चह उठावन मूढ़ रावन जान नहिं त्रिभुवन धनी

देखत धावा पवनसुत, बोलत वचन कठोर॥
आवत तेहि उर महँ हनेउ, मुष्टि प्रहार प्रघोर॥

इहिके बीच निशाचर अनी । कसमसाति आई अति घनी
देखि चले सन्मुख कपि भट्टा । प्रलयकालके जिमि घनघट्टा
शक्ति शूल तलवार चमकहिं । जनु दशदिशि दामिनी दमकहिं
गज रथ तुरंग चिकार कठोरा । गर्जत मनहुं बलाहक घोरा
कपिलंगूर विपुल नभ छाये । मनहुं इन्द्रधनु उदय सुहाये
उठी रेनु मानहुं जलधारा । बान वुन्द भइ वृष्टि अपारा
दुहुं दिशि पर्वत करत प्रहारा । बज्रपात जनु बारहिं बारा
रघुपति कोपि बान झरि लाई । घायल भे निशिचर समुदाई
लागत बाण वीर चिक्करहीं । घुमि घुमि अगणित महि परहीं
स्रवहिं शैल जनु निर्झर बारी । शोणित संग कादर भय भारी

राम रावण युद्ध

वीर परे जनु तीरतरु, मज्जा बह जनु फैन ॥
कादर देखत डरहिं जिय, सुभटनके मन चैन ॥

नहिं भूत पिसाच वेताला । केलि करहिं योगिनी कराला ॥
क कन्ध लै भुजा उड़ाहीं । एकते एक छीनि धरि खाहीं ॥
हि दुर्वचन क्रुद्ध दशकन्धर । कुलिश समान लाग छांड़न शर ॥
रत भट घायल महि गिरे । जहं तहं मनहु अर्धजल परे ॥
चहि आंत गृध तट भये । जनु बंसी खेलत चित दये ॥
नाकार शिलीमुख धाये । दिशि अरु विदिशि गगनमंह छाये ॥
भट बहे चढ़े खग जाहीं । जिमि नावरि खेलहिं सरिमाहीं ॥
कपाल करताल बजावहिं । चामुंडा नानाविधि गावहिं ॥
नल बाण छांड़े रघुवीरा । क्षणमहं जरे निशाचर तीरा ॥
म्बुक-निकर दंत कटकटहीं । खाहिं अघाहिं हुआहिं डपटहीं ॥
टिन रुंड मुंड बिनु डोलहिं । सीस परे महि जय जय बोलहिं ॥
न प्रभुहिं पयादेहिं देषा । उर उपजा अति छोभ विशेषा ॥
रपति निज रथ तुरत पठावा । हर्ष सहित मातलि लै आवा ॥
थारूढ़ रघुनाथहिं देषो । धाये कपि बल पाइ विशेषी ॥
पति कोपि बान झरि लाई । घायल भे निशिचर समुदाई ॥

तानि सरासन श्रवन लगि, छांड़े विशिष कराल ॥
रामबाण नभ मग चले, लहलहात जनु व्याल ॥

ले बाण सपदि जनु उरगा । प्रथमहिं हते सारथी तुरगा ॥

रथ विभंजि हनि केतु पताका । गर्जा अति अन्तरबल थाका ॥
तुरत आन रथ चढ़ि खिसियाना । छांड़ेसि अस्त्र शस्त्र विधि नाना ॥
विकल होइं सब उद्यम ताके । जिमि परद्रोह निरत मन साके ॥
प्रभु बहु बार बाहु शिर हये । कटित झटित पुनि नूतन भये ॥
पुनि पुनि प्रभु काटहिं भुजशीशा । अति कौतुकी कोशलाधीशा ॥
रहे छाइ नभ शिर अरु बाहू । मानहुं अमित केतु अरु राहू ॥

जिमि जिमि प्रभु हत तासु शिर, तिमि तिमि होहिं अपार ।
सेवत विषय विवर्द्ध जिमि, नित नित नूतन मार ॥

समरभूमि दशकन्धर कोपा । बर्षि बाण रघुपति रथ तोपा ॥
दण्ड एक रथ देखि न परेऊ । जनु निहार महं दिनकर दुरेऊ ॥
हाहाकार सुरन सब कीन्हा । तब प्रभु कोपि धनुष कर लीन्हा ॥
शर निवारि रिपुके सिर काटे । ते दिशि विदिशि गगन महि पाटे ॥
काटे शिर नभ मारग धावहिं । जय जय धुनि कहि भय उपजावहिं ॥
कहं लछिमन हनुमन्त कपीशा । कहँ रघुवीर कोशलाधीशा ॥

पुनि रावण अति कोप करि, छांड़ी शक्ति प्रचण्ड ।
सन्मुख चली विभीषणहिं, मनहुं काल कोदण्ड ॥

आवत देखि शक्ति अति भारी । प्रणतारत हरि विरद संभारी ॥
तुरत विभीषण पाछे मेला । सन्मुख राम सहेउ सो शेला ॥
लगी शक्ति मूर्च्छा कछु भई । प्रभुकृत खेल सुरन्ह विकलई ॥
देखि विभीषण प्रभु श्रम पायउ । गहिकर गदा क्रोध करि धायउ ॥
रे कुभाग्य शठ मन्द कुबुद्धे । तै सुर नर मुनि नाग विरुद्धे ॥

दर शिव कहँ शीश चढ़ाये । एक एकके कोटिन पाये ॥
हि कारण खल अब लगि बाचा । अब तव काल शीश पर नाचा ॥
म विमुख शठ चहसि सम्पदा । अस कहि हनेसि मांझ उरगदा ॥

उमा बिभीषण रावणहिं, सन्मुख चितव कि काउ ॥
भिरत सो काल समान अब, श्री रघुबीर-प्रभाउ ॥
संभारि श्री रघुबीर धीर प्रचारि कपि रावण हन्यो ॥
महि परत पुनि उठि लरत देवन युगल कहँ जय जय भन्यो ॥
हनुमन्त संकट देखि मर्कट भालु क्रोधातुर चले ॥
रणमत्त रावण सकल सुभट प्रचंड भुज-बल दलि मले ॥

न्तर्धान भयो क्षण एका । पुनि प्रकटेसि खल रूप अनूपा ॥
घुवर-कटक भालु कपि जेते । जहँ तहँ प्रकट दशानन तेते ॥
खे कपिन अमित दशशीशा । भागे भालु विकल भटकीशा ॥
ले बलीमुख धरहिं न धीरा । त्राहि त्राहि लक्ष्मण रघुबीरा ॥
भु क्षण महँ सब माया काटी । जिमि रवि उदय जाहि तम काटी ॥
वण एक देखि सुर हर्षे । विपुल सुमन पुनि प्रभु पर वर्षे ॥

तब रघुपति लंकेशके, शीश भुजा शर चाप ।
काटे भये नवीन पुनि, जिमि तीरथके पाप ॥
मूर्छा गइ कपि भालु तब, सब आये प्रभु पास ॥
सकल निशाचर रावणहिं, घेरि रहे अति त्रास ॥

मुख मलीन उपजी मन चिन्ता । त्रिजटासन बोली तब सी[illegible]
होइहि कहा कहसि किन माता । केहि विधि मरिहि विश्व दुखदा[illegible]

रावण-बध

कह त्रिजटासन राजकुमारी । उर शर लागत मरिहि सुरा[illegible]
ताते प्रभु उर हतहिं न तेही । इहके हृदय वसत वैदे[illegible]

इहिके हृदय वस जानकी मम जानकी उर वासहै।
मम उदर भुवन अनेक लागत वाण सवको नाशहै।
अस सुनत हर्ष विषाद उर अति देखि पुनि त्रिजटा क[illegible]
अब मरिहि रिपुइहि भांति सुन्दरि तजहु तुम संशय म[illegible]
काटत शिर होइहि विकल, छूटि जाइ तव ध्यान ॥
तब रावणके हृदय शर, मारहिं राम सुजान ॥

अस कहि बहु प्रकार समुझाई । पुनि त्रिजटा निज भवन सि[illegible]
राम-स्वभाव सुमिरि वैदही । उपजी बिरह-व्यथा अति ते[illegible]
निसिहिं शशिहिं निन्दति बहुभांती । युगसम भई बिहाति न रा[illegible]
करत विलाप मनहिं मन भारी । राम-विरह जानकी दुखा[illegible]
जब अति भयो विरह-उर-दाहू । फरकेउ वाम नयन अरु [illegible]
शकुन विचारि धरेउ उर धीरा । अब मिलिहहिं कृपालु रघुबी[illegible]
इहां अर्द्ध निशि रावन जागा । निज सारथि सन खीझन ला[illegible]
शठ रणभूमि छुड़ायहु मोहीं । धिक धिक अधम मन्दमति तो[illegible]
तेइ पदगहि बहु विधि समुझावा । भोर भये रथ चढ़ि पुनि आ[illegible]

ुनि आगमन दशानन केरा । कपिदल खरभर भयउ घनेरा ॥
हँ तहँ भूधर विटप उपारी । धाये कटकटाइ भट भारी ॥
ाटत बढ़हिं शीश समुदाई । जिमि प्रति-लाभ लोभ अधिकाई ॥
रै न रिपु श्रम भयउ विशेखा । राम विभीषण तन तब देखा ॥
मा काल मरु जाकी इच्छा । सो प्रभु जनकी लेत परिच्छा ॥
ुनु सर्वज्ञ चराचर-नायक । प्रणतपाल सुरमुनि-सुख-दायक ॥
ाभी-कुंड सुधा वस वाके । नाथ जियत रावण बल ताके ॥
ुनत विभीषण वचन कृपाला । हर्षि गहे प्रभु बान कराला ॥
ायक एक नाभि सर सोषा । अपर लगे सिर भुज करि रोषा ॥
ै शिर बाहु चले नाराचा । शिर भुजहीन रुंड महि नाचा ॥
रनि धसै धर धाव प्रचण्डा । तब शर हति प्रभु कृत युग खण्डा ॥
ाजेउ मरत घोररव भारी । कहां राम रण हतौं प्रचारी ॥
ोली भूमि गिरत दशकन्धर । क्षुभित सिन्धु सरि दिग्गज भूधर ॥
रेउ भूमि युग खंड बढ़ाई । चापि भालु मर्कट समुदाई ॥
न्दोदरि आगे भुज शीशा । धरि शर चले जहां जगदीशा ॥
विशे सब निषंग महं आई । देखि सुरन दुन्दुभी बजाई ॥
र्षहिं सुमन देव मुनिवृन्दा । जय कृपालु जय जयति मुकुन्दा ॥
ति-शिर दीख जबहिं मन्दोदरि । मूर्छित विकल खसी धरनी परि ॥
तिगति देखि सो करति पुकारा । छूटे केश न देह संभारा ॥
र ताड़ना करै बिधि नाना । रोदन करै प्रताप बखाना ॥
ोदन करत विलोकेउ नारी । भयो विभीषण मन दुख भारी ॥

वन्धु-दशा देखत दुख भयऊ । तब प्रभु अनुजहिं आयसु दयऊ ॥
लछिमन तेहि बहुविधि समुझाये । सहित विभीषण प्रभु पहँ आये ॥
कृपादृष्टि प्रभु ताहि विलोका । करहु क्रिया परिहरि सब शोका ॥
कीन्ह क्रिया प्रभु आयसु मानी । विधिवत् देश काल गति जानी ॥

मयतनयादिक नारि सब, देइ तिलांजलि ताहि ॥
भवन गईं रघुवीर-गुण, गण बरणति मन माहिं ॥

आइ विभीषण पुनि सिर नावा । कृपासिन्धु तब अनुज बुलावा ॥
तुम कपीश अंगद नल नीला । जाम्बवन्त मारुतसुत शीला ॥
सब मिलि जाहु विभीषण साथा । सारेहु तिलक कहेउ रघुनाथा ॥
पिता-वचन मैं नगर न जाऊं । आपु सरिस कपि अनुज पठाऊं ॥
तुरत चले कपि सुनि प्रभु बचना । कीन्ही जाइ तिलककी रचना ॥
सादर सिंहासन बैठारी । तिलक कीन्ह अस्तुति अनुसारी ॥
जोरि पानि सबहीं शिर नाये । सहित विभीषण प्रभु पहँ आये ॥
तब रघुवीर बोलि कपि लीन्हे । कहि प्रियवचन सुखी सब कीन्हे ॥
तब प्रभु बोलि लिये हनुमाना । लंका जाहु कहेउ भगवाना ॥
समाचार जानकिहिं सुनावहु । तासु कुशल लै तुम चलि आवहु ॥
तब हनुमान नगर महँ आये । सुनि निशिचरी निशाचर धाये ॥
पूजा बहु प्रकार तिन कीन्हीं । जनकसुता दिखाय पुनि दीन्हीं ॥
दूरिहिंते प्रणाम कपि कीन्हा । रघुपतिदूत जानकी चीन्हा ॥
कहहु तात प्रभु कृपानिकेता । कुशल अनुज प्रभु सेन समेता ॥
सब विधि कुशल कोशलाधीशा । मातु समर जीतेउ दशशीशा ॥
अविचल राज्य विभीषण पावा । सुनि कपि बचन हर्ष उर छावा ॥

तब हनुमन्त राम पहं जाई । जनकसुता कर कुशल सुनाई ॥
सुनि बानी पतंग-कुल-भूषण । बोलि लिये कपिराज बिभीषण ॥

जानकीका रामके पास जाना

मारुतसुतके संग सिधावहु । सादर जनकसुता लै आवहु ॥
तुरतहिं सकल गये जहं सीता । सेवहिं सब निशिचरी विनीता ॥
बेगि विभीषण तिनहिं सिखावा । सादर तिन सीतहिं अन्हवावा ॥
दिव्य वसन भूषण पहिराये । शिविका रुचिर साज पुनि लाये ॥
तेहि पर हर्षि चढ़ी वैदेही । सुमिरि राम सुखधाम सनेही ॥
बेतपानि रक्षक चहुंपासा । चले सकल मन परम हुलासा ॥
देखन भालु कोश सब धाये । रक्षक क्रोटि निवारन आये ॥
कह रघुवीर कहा मम मानहु । सीतहिं सखा पयोदहि आनहु ॥
देखहिं कपि जननीकी नाईं । विहंसि कहा रघुवीर गुसाईं ॥
सुनि प्रभु-वचन भालु कपि हरषे । नभते सुरन सुमन बहु वरषे ॥
सीतहिं प्रथम अग्नि महँ राखी । प्रगट कीन्ह चह अन्तर साखी ॥

तेहि कारण करुना-अयन, कहे कछुक दुर्वाद ।
सुनत यातुधानी सकल, लागी करन विषाद ॥

प्रभुके वचन शीश धरि सीता । बोली मन क्रम वचन पुनीता ॥
लक्ष्मण होउ धर्मके नेगी । पावक प्रगट करहु तुम बेगी ॥
सुनि लक्ष्मण सीताकी बानी । विरह विवेक धर्म रतिसानी ॥
देखि राम रुख लक्ष्मण धाये । पावक प्रगटि काठ बहु लाये ॥
प्रबल अनल विलोकि वैदेही । हृदय हर्ष कछु भय नहिं तेही ॥

जो मन-क्रम-वच-मम उर माहीं । तजि रघुवीर आन गति नाहीं
तो कृशानु सबकी गति जाना । मोकहं होहु श्रीखण्ड समाना
तव रघुपति अनुशासन पाई । मातलि चले चरन शिर नाई
आये देव सदा स्वारथी । वचन कहहिं जनु परमारथी

विनय कीन्ह बहु भांति विधि, प्रेम प्रफुल्लित गात।
वदन विलोकत रामकर, लोचन नाहिं अघात ॥

तेहिं अवसर दशरथ तहं आये । तनय विलोकि नयन जल छाये।
सहित अनुज प्रणाम प्रभु कीन्हा । आशिर्वाद पिता तव दीन्हा।
तात सकल तव पुन्य प्रभाऊ । जीतेउं अजय निशाचर राऊ।
सुनि सुत-वचन प्रीति अति बाढ़ी । नयन सलिल रोमावलि ठाढ़ी।
रघुपति प्रथम प्रेम अनुमाना । चितै पितहिं दीन्हेउ दृढ़ ज्ञाना।
ताते उमा मोक्ष नहिं पावा । दशरथ भेद-भक्ति-मन लावा।
सगुण उपासक मोक्ष न लेहीं । तिन्ह कहं राम भक्ति निज देहीं।
वार वार करि प्रभु हिं प्रनामा । दशरथ हर्षि गये निज धामा।
सुनु सुरपति कपि भालु हमारे । परे भूमि निशिचरके मारे।
ममहित लागि तजे इन प्राना । सकल जिआउ सुरेश सुजाना।
सुधा बरषि कपि भालु जियाये । हर्षि उठे सब प्रभु पहँ आये।
सुधा वृष्टि भइ दोउ दल माहीं । जिये भालु कपि निशिचर नाहीं।

विभीषणकी विनती

नाइ चरन सिर कह मृदुबानी । विनय सुनिय मम शारंगपानी।
अब जन-गृह पुनीत प्रभु कीजे । मज्जन करिय सकल श्रम छीजे।

शा-कोश-मन्दिर सम्पदा। देहु कृपालु कपिन कहं मुदा॥
सब विधि नाथ मोहिं अपनाइय। पुनि मोहिं सहित अवधपुर जाइय॥
सुनत वचन मृदु दीन दयाला। सजल भये हरि-नयन विशाला॥

तोर कोश गृह मोर सब, सत्य वचन सुनु तात॥
दशा भरतकी सुमिरि मोहिं, पलक कल्पसम जात॥

सुनत विभीषण वचन रामके। हर्षि गहे पद कृपा-धामके॥
बानर भालु सकल हर्षाने। प्रभुपद गहि गुन बिमल बखाने॥
बहुरि विभीषण भवन सिधाये। मणिगन वसन बिमान भराये॥

विभीषणका पट भूषण बरसाना

लै पुष्पक प्रभु आगे राखा। हंसिकै कृपासिन्धु अस भाषा॥
चढ़ि विमान सुन सखा विभीषण। गगन जांइ बर्षहु पट भूषण॥
नभ पर जाइ विभीषण तबहीं। बर्षि दिये पट भूषण तबहीं॥
जो जेहि मन भावै सो लेहीं। मणिमुख मेलि डारि कपि देहीं॥
हंसत राम सिय अनुज समेता। परम कौतुकी कृपानिकेता॥
भालु कपिन पट भूषण पाये। पहिरि पहिरि रघुपति पहं आये॥
चितै सबनि पर कीन्ही दाया। बोले मधुर वचन रघुराया॥
तुम्हरे बल मैं रावण मारा। तिलक विभीषण कहं पुनि सारा॥
निज निज गृह अब तुम सब जाहू। सुमिरहु मोहिं डरहु जनि काहू॥
वचन सुनत प्रेमाकुल बानर। जोरि पाणि बोले सब सादर॥
सुनि प्रभु वचन लाज हम मरहीं। मशक कबहुं खगपति हित करहीं॥

मित्रों समेत राम अयोध्या चले

अतिशय प्रीति देखि रघुराई। लीन्हे सकल विमान चढ़ाई॥

मन महं विप्र चरण शिरनावा । उत्तर दिशहि बिमान चलावा
सिंहासन अति उच्च मनोहर । सिय समेत बैठे प्रभु तापर
राजत राम सहित भामिनी । मेरु शृङ्ग जनु घनदामिनी
रुचिर विमान चला अति आतुर । कीन्ही सुमन वृष्टि हर्षे सुर
परम सुखद चलि त्रिविध बयारी । सागर सुरसरि निर्मल वारी
शकुन होहि सुन्दर चहुंपासा । मन प्रसन्न निर्मल आकाशा

रामका सीताको मार्गके दृश्य दिखाना

कह रघुबीर देख रण सीता । लछिमन हत्यो इहां इंद्रजीता
कुम्भकर्ण रावण दोउ भाई । इहां हतेउं सुर-मुनि-दुखदाई

सुन्दर सेतु देखु यह, थापेउं शिव सुखधाम।
सीता सहित कृपायतन, शम्भुहिं कीन प्रनाम॥
जंहं जहं कृपासिन्धु वन, कीन्ह बास विश्राम।
सकल दिखाये जानकिहिं, कहि कहि सबके नाम॥

सपदि विमान तहां चलि आवा । दण्डकवन जहं परम सुहावा
कुम्भजादि मुनि नायक नाना । गये राम सबके अस्थाना
सकल मुनिन सों पाइ अशीषा । आये चित्रकूट जगदीशा
तहं करि ऋषिन केर सन्तोषा । चला बिमान तहां ते चोखा
बहुरि राम जानकी दिखाई । यमुना कलिमल हरणि सुहाई
पुनि देखी सुरसरी पुनीता । राम कहा प्रणाम करु सीता
देखि राम पावन पुनि वेनी । हरण शोक सुरलोक निसेनी
देखी अवधपुरी अति पावनि । त्रिविधताप भव दाप नसावनि

बहुरि त्रिवेनी आइ प्रभु, हर्षित मज्जन कीन्ह।
कपिन सहित महि सुरन्ह कहं, दान विविध विधि दीन्ह॥

रामका हनुमानको अयोध्या भेजना

प्रभु हनुमन्तहि कहा बुझाई। धरि द्विज रूप अवधपुर जाई॥
भरतहिं कुशल हमारि सुनावहु। समाचार लै पुनि चलि आवहु॥
तुरत पवनसुत गवनत भयऊ। तब प्रभु भरद्वाज पहं गयऊ॥
नानाविधि पूजा मुनि कीन्ही। अस्तुति करि पुनि आशिष दीन्ही॥
मुनि-पद वन्दि युगल कर जोरी। चढ़ि विमान प्रभु चले बहोरी॥
सुरसरि लांघि यान जब आवा। उतरा तहँ प्रभु आयसु पावा॥
तब सीता पूजी सुरसरी। बहु प्रकार पुनि चरणन परी॥
दीन्ह अशीष मुदित मन गंगा। सुन्दरि तव अहिवात अभंगा॥
सुनतहिं गुह धावा प्रेमाकुल। आवा निकट परम सुखसंकुल॥
प्रभुहि विलोकि सहित वैदेही। परेउ अवनि तनु सुधि नहिं तेहीं॥
परम प्रीति विलोकि रघुराई। हर्षि उठाइ लीन्ह उर लाई॥

समर विजय रघुवीरकर, सुनहिं जे सन्त सुजान।
विजय विवेक विभूति नित, तिनहिं देहिं भगवान॥

उत्तरकाण्ड आरम्भ

रहा एक दिन अवधि कर, अति आरत पुरलोग।
जहं तहं सोचहिं नारिनर, कृशतनु राम-वियोग॥
शकुन होहिं सुन्दर सकल, मन प्रसन्न सबकेर
प्रभु आगमन जनाव जनु, नगर रम्य चहुं फेर॥
कौशल्यादिक मातु सब, मन अनंद अस होइ।
आये प्रभु सिय अनुज युत, कहन चहत अस कोइ॥
भरत-नयन-भुजदक्षिण, फरकहिं बारहिं बार।
जानि शकुन मन हर्ष अति, लागे करन विचार॥

हनुमानका भरतको समाचार देना

रहा एक दिन अवधि-अधारा। समुझत मन दुख भयउ अपारा॥
कारण कवन नाथ नहिं आये। जानि कुटिल प्रभु मोहिं बिसराये॥

रामविरह सागर महं, भरत मगन मन होत॥
विप्ररूप धरि पवनसुत, आइ गयो जिमि पोत॥
बैठे देखि कुशासन, जटा मुकुट कृशगात॥
राम राम रघुपति जपत, स्रवत नयन जलजात॥

देखत हनूमान अति हर्षे। पुलकि गात लोचन जल बर्षे॥

तमहं बहुत भाँति सुख मानी। बोले श्रवण-सुधासम बानी॥
पु रण जीति सुयश सुर गावत। सीता अनुज सहित प्रभु आवत॥
नत वचन बिसरे सब दूखा। तृषावन्त जनु पाय पियूषा॥
ो तुम तात कहाँते आये। मोहिं परम प्रिय वचन सुनाये॥
ारुतसुत मैं कपि हनुमाना। नाम मोर सुनु कृपानिधाना॥
ीनबन्धु रघुपति कर किंकर। सुनत भरत भेंटे उठि सादर॥
िलत प्रेम नहिं हृदय समाता। नयन स्रवत जल पुलकित गाता॥
ार वार पूंछो कुशलाता। तो कहं काह देउं सुनु भ्राता॥
ाहिन उऋण तात मैं तोहीं। अब प्रभु-चरित सुनावहु मोहीं॥
ब हनुमान नाइ पदमाथा। कहेसि सकल रघुपति-गुन-गाथा॥

भरत-चरन सिर नाइ, तुरत गयेउ कपि राम पहं॥
कही कुशल सब जाइ, हर्षि चले प्रभु यान चढ़ि॥

रामागमन-समाचारसे अयोध्यामें हर्ष

र्ष भरत कोशलपुर आये। समाचार सब गुरुहिं सुनाये॥
ुनि मन्दिर महं बात जनाई। आवत नगर कुशल रघुराई॥
सुनत सकल जननी उठि धाईं। कहि प्रभु-कुशल भरत समुझाई॥
समाचार पुरवासिन पाये। नर अरु नारि हर्षि उठि धाये॥
दधि-दूर्वा-रोचन-फल-फूला। नव तुलसीदल मंगलमूला॥
भरि भरि थार हेम वर-भामिनि। गावत चलीं सिन्धुरगामिनि॥
रविकुल-कमल-दिवाकर आवत। नगर मनोहर कपिन देखावत॥

अयोध्यामें रामका सबसे मिलना

सुनु कपीश अंगद लंकेशा। पावनपुरी रुचिर यह देशा॥

जन्मभूमि मम पुरी सोहावनि । उत्तर दिशि सरयू बह पावनि
जो मज्जहिं सो बिनहिं प्रयासा । मम समीप नर पावहिं वास
आये भरत संग सब लोगा । कृशतनु श्रीरघुबीर-वियोगा
वामदेव वसिष्ठ मुनिनायक । देखे प्रभु महिधरि धनुसायक
धाइ धरे गुरुचरण सरोरुह । अनुज सहित अति पुलकि तनूरुह
भेंटे कुशल पूंछि मुनिराया । हमरे कुशल तुम्हारिहि दाया
सकल द्विजन कहं नायउ माथा । धर्म-धुरन्धर रघुकुल-नाथा
गहे भरत पुनि प्रभु पद पंकज । नवहिं जिनहिं शंकर मुनि अज
परे भूमि नहिं उठत उठाये । बल करि कृपासिन्धु उर लाये
श्यामलगात रोम भये ठाढ़े । नव-राजीवनयन जल बाढ़े
भरत अनुज लक्ष्मण तब भेंटे । दुसह-विरह-सम्भव दुख मेटे
सीता-चरण भरत शिर नावा । अनुज समेत परम सुख पावा
प्रभु बिलोकि हरखे पुरवासी । जनित-वियोग विपति सब नासी
प्रेमातुर सब लोग निहारी । कौतुक कीन्ह कृपालु खरारी
अमितरूप प्रकटे तेहि काला । यथायोग्य मिलि सबहिं कृपाला
कौशल्यादि मातु सब धाईं । निरखि वच्छ जनु धेनु लवाईं
सासुन सबहिं मिली वैदेही । चरणन लागि हर्ष अति तेही
देहिं अशीष पूंछि कुशलाता । होइ अचल तुम्हार अहिवाता
सब रघुपति-पद-कमल विलोकी । मंगल जानि नयन-जल रोकी
कनकथार आरती उतारहिं । बार बार प्रभु गात निहारहिं
नानाभांति निछावरि करहीं । परमानन्द हर्ष उर भरहीं
कौशल्या पुनि पुनि रघुबीरहिं । चितवहिं कृपासिन्धु रणधीरहिं

दय विचारति वारहिं वारा । कवन भांति लंकापति मारा ॥
ति सुकुमार युगल मम वारे । निशिचर सुभट महावल मारे ॥
नि रघुपति निज सखा वुलाये । मुनि-पद लागहु सवहिं सिखाये ॥
रुवसिष्ठ कुलपूज्य हमारे । इनकी कृपा दनुज रण मारे ॥
सब सखा सुनहु मुनि मेरे । भये समर सागर कहं वेरे ॥
म हित लागि जन्म इन हारे । भरतहुंते मोहिं अधिक पियारे ॥
नि प्रभु-वचन मगन सव भये । निमिष निमिष उपजत सुख नये ॥

कौशल्याके चरण युग, पुनि तिन नायउ माथ ।
आशिष दीन्ही हर्षि हिय, तुम प्रिय जिमि रघुनाथ ॥
सुमनवृष्टि नभ संकुल, भवन चले सुखकन्द ॥
चढ़े अटारिन्हं देखहीं, नगर नारि नरवृन्द ॥

अयोध्यामें आनन्दोत्सव

कंचन कलश विचित्र संवारे । सवनि धरे सजि निज निज द्वारे ॥
न्दनवार पताका केतू । सवन्हि वनाये मंगल-हेतू ॥
वीथिन सकल सुगंधि सिचाये । गजमणि रचि वहु चौक पुराये ॥
नानाभांति सुमंगल साजे । हर्षि निसान नगर वहु वाजे ॥
हं तहं नारि निछावरि करहीं । देहिं अशीष हर्ष उर भरहीं ॥
कंचन-थार आरती नाना । युवती साजि करहिं कलगाना ॥
करहिं आरती आरतहरकी । रघुकुल कमल विपिन दिनकरकी ॥
पुरशोभा सम्पति कल्याना । निगम, शेष शारदा वखाना ॥
तेउ यह चरित देखि ठगि रहहीं । उमा तासु गुण नर किमि कहहीं ॥

प्रभु जाना केकयी लजानी । प्रथम तासु गृह गये भवानी ॥
ताहि प्रबोधि बहुत सुख दीन्हा । पुनि निज भवन गवन प्रभु कीन्हा ॥

रामाभिषेक

गुरुवसिष्ठ द्विज लिये बुलाई । आजु सुघरी सुदिन सुखदाई ॥
सब द्विज देहु हर्षि अनुशासन । रामचन्द्र बैठहिं सिंहासन ॥
मुनि वसिष्ठके वचन सुहाये । सुनत सकल विप्रन मन भाये ॥
कहहिं वचन मृदु विप्र अनेका । जग अभिराम राम अभिषेका ॥
अब मुनिवर विलम्ब नहिं कीजै । महाराज कहं आयसु दीजै ॥

जहं तहं धावन पठै पुनि, मंगल द्रव्य मंगाइ ॥
हर्ष समेत वसिष्ठपद, पुनि शिर नायउ आइ ॥
तब मुनि कहेउ सुमन्त्र सन, तुरत चले शिर नाइ ॥
रथ अनेक गज बाजि बहु, सकल संवारे जाइ ॥

अवधपुरी अति रुचिर बनाई । देवन सुमन-वृष्टि झरि लाई ॥
राम कहा सेवकन्ह बुलाई । प्रथम सखन्ह अन्हवावहु जाई ॥
सुनत वचन जन जहं तहं धाये । सुग्रीवादि तुरत अन्हवाये ॥
पुनि करुणानिधि भरत हंकारे । निजकर जटा राम निरवारे ॥
अन्हवाये पुनि तीनिहु भाई । भक्त-बछल कृपालु रघुराई ॥
पुनि निज जटा राम बिवराये । मुनि अनुशासन पाइ अन्हाये ॥
करि मज्जन भूषण प्रभु साजे । अंग अनंग कोटि छवि लाजे ॥

सासुन सादर जानकिहिं, मज्जन तुरत कराइ ॥
दिव्य वसन वर भूषणनि, अँग अँग सजे बनाइ ॥

राम बाम दिशि शोभित, रमा रूप गुणखानि ॥
देखि मातु सब हर्षित, जन्म सफल निज जानि ॥

जनकसुता समेत रघुराई । देखि प्रहर्षे मुनि समुदाई ॥
वेदमंत्र द्विजवर उच्चारे । नभ सुर-मुनि जय जयति पुकारे ॥
प्रथम तिलक वसिष्ठ मुनि कीन्हा । पुनि सब विप्रन आयसु दीन्हा ॥
सुत विलोकि हर्षित महतारी । बार बार आरती उतारी ।
विप्रन दान विविध विधि दीन्हे । याचक सकल अयाचक कीन्हे ॥
सिंहासन पर त्रिभुवन-सांई । देखि सुरन्ह दुन्दुभी बजाई ॥

भिन्न भिन्न अस्तुति करि, गे सुर निज निज धाम ॥
वन्दि वेष धरि वेद तब, आये, जहं श्रीराम ॥
प्रभु सर्वज्ञ कीन्ह अति, आदर कृपानिधान ॥
लखा न काहू मर्म कछु, लगे करन गुणगान ॥

जय सगुण निर्गुणरूप राम अनूप भूपशिरोमने ।
दशकन्धरादि प्रचण्ड निशिचर प्रबल-खल भुजबल हने ॥
अवतार नर संसार-भार विभंजि दारुण दुख दहे ।
जय प्रणतपाल दयालु प्रभु संयुक्त शक्ति नमामहे ॥१॥
तब विषय मायावश सुरासुर-नाग-नर-अग जग हरे ।
भव-पंथ भ्रमित श्रमित दिवस निशि काल कर्म गुणनि भरे ।
जेहि नाथ करि करुणा विलोकहु त्रिविध दुख ते निर्वहे ।
भव-खेद-छेदन-दक्ष हम कहं रक्ष राम नमामहे ॥२॥
जे चरण शिव-अज-पूज्य रज-शुभ परसि मुनिपत्नी तरी ।
नखनिर्गता सुरवन्दिता त्रैलोक्यपावनि सुरसरी ।

ध्वज-कुलिश-अंकुशकंजयुत बन फिरत कंटक किन लहे।
पदकंज द्वंद्व मुकुन्दराम रमेश नित्य भजामहे ॥३॥
जे ज्ञानमान-विमत्त तव भव हरणि भक्ति न आदरी।
ते पाइ सुरदुर्लभ पदादपि परत हम देखत हरी।
विश्वास करि सब आश परिहरि दास तव जे हो रहे।
जपि नाम तव विनु श्रम तरहिं भवनाथ राम नमामहे ॥४॥

अर्थ—हे अनूपरूप भूपशिरोमणे ! राम आपकी जय हो। आपके सगुण निर्गुण रूपोंमें यह रूप प्रधान है। आप रावण आदि भयंकरराक्षसोंको अपनेभुजाओंके बलसे नाश करनेवाले हैं और मनुष्यका अवतार धारणकर संसारके भारको उतार दारुण दुःखके जला देनेवाले हैं। दीनोंके पालनेवाले दयायुक्त शक्तिसहित आपको हम प्रणाम करते हैं। १।

हे हरे ! आपकी तीक्ष्णमाया अर्थात् अविद्याके वशमें होकर सुर, असुर, नाग, नर और चर और अचर संसारके मार्गमें रात दिन घूमते हुए थक गये हैं। इस पर भी उनके ऊपर कालकर्म गुणोंके अनुकूल बोझ रखा है। हे नाथ ! जिन पर आप करुणा करके दृष्टि करते हैं वही तीनों प्रकारके दुःखों अर्थात् काल कर्म गुणोंसे छूट जाते हैं। हे जगतके दुःख काटनेमें चतुर रामजी ! हमारी रक्षा कीजिये। हम आपको नमस्कार करते हैं। २।

जिन चरणोंकी रजका शिव ब्रह्मा पूजन करते हैं और जिनको स्पर्शकर मुनिकी पत्नी अहल्या तर गयी और जिनके नखोंसे नमस्कार योग्य त्रैलोक्यपावनी गंगा निकली हैं और जिनके चरणोंमें ध्वज कुलिश अंकुशके चिन्ह हैं जिनमें वनोंमें फिरनेसे कांटे आदिके चिन्ह पड़ गये हैं, हे लक्ष्मीपति राम ! आपके उन मोक्ष देने वाले दोनों चरणकमलोंका हम भजन करते है।३।

जिन्होंने ज्ञान मानसे मतवाले होकर आपकी भक्तिका आदर नहीं किया है उन्हें हम सुरदुर्लभपदको पाकर भी पतित होते देखते हैं और जो सब आशा

अव्यक्त मूलमनादि तरु त्वच चारि निगमागम भने।
षट्कन्ध शाखा पंचविंश अनेक पर्ण सुमन घने।
फल युगल विधि कटुमधुरवेलि अकेलि जेहि आश्रित रहे।
पल्लवित फूलत नवल नित संसार विटप नमामहे ॥५॥
जे ब्रह्म अज अद्वैत अनुभवगम्य मन पर ध्यावहीं।
ते कहहु जानहु नाथ हम तव सगुण यश नित गावहीं।
करुणायतन प्रभु सद्गुणाकर देव यह वर मांगहीं।
मन कर्म वचन विकार तजि तव चरण हम अनुरागहीं ॥६॥

ढ़ विश्वास करके आपके दास हो रहे हैं, वे आपका नाम जपके विना श्रमही भवसागर पार हो जाते हैं। ऐसे आपका हम भजन करते हैं।

इस संसाररूपी वृक्षकी जड अर्थात् माया अदृश्य है और यह वृक्ष अनादि है। इसमें अंडज, पिंडज स्वेदज, जरायुज ये चार वक्कल हैं ऐसा वेद शास्त्र कहते हैं और इसमें छ स्कंध हैं सुख, दुःख, शीत, उष्ण, ज्ञान, अज्ञान। इन छ स्कन्धोंसे पच्चीस शाखाएँ निकलती हैं। पांच तत्व हैं पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, और पांच इनके विषय हैं शब्द, स्पर्श, रूप, रसऔर गन्धतथा दस इन्द्रियां नाक,कान, आंख, जीभ और खाल तथा चरण, लिंग, गुदा, हाथ और वाणी और मन, बुद्धि, अहंकार, चित्त और महत्तत्त्व और अनेक प्रकारकी वासना पत्तोंके समूह हैं जो लगते और झड़ते रहते हैं और अनेक प्रकारके संकल्प फूल हैं; किसीमें फल लगता है कोई वैसे ही गिर पडता है। वे फल पाप पुण्यरूप होनेसे दो प्रकारके हैं एक खट्टा एक मीठा। उसपर अविद्या मायाकी बेल चढ़ी हुई है। उसमें नित पल्लव निकलते हैं और वह नित्य फूलती रहती है। ऐसे संसार वृक्षरूपी आपको हम नमस्कार करते हैं। ५।

सबके देखत वेदन, विनती कीन्ह उदार।
अन्तर्द्धान भये तब, गये ब्रह्म-आगार॥
वैनतेय सुन शंभु तब, आये जहं रघुवीर।
विनय करत गद्गदगिरा, पूरित पुलक शरीर॥

जय राम रमारमणं शमनं, भवताप भयाकुल पाहि जनं।
अवधेश सुरेश विभो, शरणागत मांगत पाहि प्रभो।
दशशीश-विनाशन-वीसभुजा, कृतदूरि महामहिभूरिरुजा।
रजनीचरवृन्द पतंग रहे, शरपावक-तेज प्रचण्ड दहे॥१॥
महिमण्डल मण्डन चारुतरं, धृतशायक-चापनिषंगवरं।
मदमोह-महा-ममतारजनी, तमपुंजदिवाकर तेज-अनी।
मनजात किरात निपात किये, मृगलोग कुभोग शरेन हिं
हितनाथ अनाथनि पाहि हरे, विषयावश पामर भूलि परे
वहुरोग वियोगन्ह लोग हये, भवदंघ्रि निरादरके फल ये
भवसिन्धु अगाध परे नर ते, पदपंकज प्रेम न जे करते।
अति दीन मलीन दुखी नितही, जिनमें पदपंकज प्रीति नहीं
अवलंब भवंतकथा जिनको, प्रियसंतअनंत सदा तिनको।
नहिंराग न रोष न मान मदा, तिनके सम वैभव वा विपदा
यहिते तव सेवक होत मुदा, मुनि त्यागत योग भरोस सदा

जो जन यह समझकर आपका ध्यान करते है कि आप ब्रह्मरूप जन्मरहित
अनुभवसेही जानने योग्य और मनसे परे हैं सोकहें औरजाने हम तो आपकेही
रूपका नित्य यश गाते है। हे देव करुणानिधान सद्गुणोंकी खान आपसेहम यही
मांगते हं कि मन वचन कर्मसे विकार तज आपके चरणोंमें हम प्रीति करते रहें

करि प्रेम निरंतर नेम लिये, पदपंकज सेवत शुद्ध हिये।
सम मान निरादर आदरही, सब सन्त सुखी विचरन्ति मही ॥८
मुनि मानस पंकज भृङ्ग भजे, रघुवीर महारणधीर अजै।
तव नाम जपामि नमामि हरी, भवरोग महामद मान अरी ॥९
गुणशील कृपा परमायतनं, प्रणमामि निरंतर श्रीरमनं।
रघुनन्दनिकन्दन द्वन्द्वघनं, महिपाल बिलोकय दीनजनं ॥ १०॥

हे रमारमण राम! आप जरामरणके दूर करनेवाले और डरसे व्याकुलजनोंकी रक्षा करनेवाले हैं। हे अवधेश, सुरेश, रमेश और व्यापक प्रभो! शरणागतको रक्षा कीजिये। आपने दशशिर बीस भुजाओंवाले रावणका नाश कर पृथ्वीके महा रोगको दूर किया और जो पतंग रूपी राक्षसोंके समूह थे, वे आपका बाणरूपी अग्निमें जल गये।१।२

पृथ्वीमंडलके आप श्रेष्ठ भूषण हैं। धनुष बाण तरकस धारण किये हुए मद मोह ममताकी बड़ी अँधेरी रातके नाश करनेमें आप तेजसेनाके सूर्य हैं। कामरूप बहेलियेने उन मृगरूपी लोगोंको, कुभोगबाण हृदयमें मार गिराया। हे हरे, हितैषी नाथ आप अनाथोंकी रक्षा कीजिये जो विषयरूपी गहन वनमें भूले पड़े हैं।३।४

उनमें बहुतेरे लोगोंमें कोई रोग और कोई मरे हुओंके वियोगमें नष्ट हुए सो यह आपके चरणोंके निरादरका फल है और वे इस अथाह भवसागरमें पड़े डूबते हैं, क्योंकि उन्होंने आपके चरणकमलमें प्रेम नहीं किया। जिनको आपके चरणकमलोंमें प्रीति नहीं है, वे नित्यही दीन और मलीन दुःखी रहते हैं और जिनको आपकी कथाका अवलम्ब है उनको सन्त सदा प्यारे हैं।५।६

सन्त वे हैं, जिनको राग, रोष, मान, मद नहीं है, और जिन्हें विपत्ति सम्पत्ति

बार बार बर मांगौं, हर्षि देहु श्रीरंग ॥
पदसरोज अनपावनी, भक्ति सदा सतसंग ॥
बरणि उमापति रामगुण, हर्षि गये कैलास ॥
तब प्रभु कपिन्ह दिवाये, सब विधि सुखप्रद बास ॥

सुनु खगपति यह कथा सुहावनि । त्रिविध ताप भवदोष नसावनि ॥
महाराज कर शुभ अभिषेका । सुनत लहहिं नर विरति विवेका ॥
जे सकाम नर सुनहिं जे गावहिं । सुख सम्पति नानाविधि पावहिं ॥

परमानन्द मगन कपि, सबके प्रभु-पद-प्रीति ॥
जात न जानेउ दिवस निशि, गये मासषट बीति ॥

रामका मित्रों को बिदा करना

बिसरे गृह स्वप्ने सुधि नाहीं । जिमि परद्रोह सन्त मन माहीं ॥
तब रघुपति सब सखा बुलाये । आइ सबहिं सादर शिर नाये ॥

समान है। इसीसे आपके सेवक आनन्दसे रहते हैं और मुनि आपके भरोसे योगको छोड़ देते हैं। जो आपके प्रेमका नियम लिये शुद्धहृदयसे आपके चरणकमलकी सेवा करते हैं और आदर अनादरको समान समझ कर पृथ्वीपर सुखसे विचरते हैं।

ऐसे मुनियोंके मनकमलके लिये आप भ्रमरके समान हैं। हे रघुबीर! आप महा रणधीर और अजय हैं। हे हरे ! ऐसे आपके नामको हम जपते हैं और आपको प्रणाम करते हैं, क्योंकि आपका नाम भवरोग, महामद और मानका शत्रु है। हे ! लक्ष्मीपति, आप गुणशील, कृपा और परम शोभाके घर हैं। मैं निरन्तर आपको प्रणाम करता हूं। ०द्वंद्वघन अर्थात् रावण कुम्भकर्णके नाशक रघुनाथ महिपाल कृपाकर मुझ दीन जनकी ओर देखिये। ९। १०

प्रेम समेत निकट बैठारे। भक्तसुखद मृदु वचन उचारे॥
तुम अति कीन्ह मोरि सेवकाई। मुख पर केहि विधि करौं बड़ाई॥
ताते मोहिं तुम अति प्रिय लागे। ममहित लागि भवन सुख त्यागे।
अनुज राज्य सम्पति वैदेही। देह गेह परिवार सनेही॥
सब मोहि प्रिय नहिं तुमहिं समाना। मृषा न कहौं मोर यह बाना॥
सब कहं प्रिय सेवक यह नीती। मोरे अधिक दास पर प्रीती॥

अब गृह जाहु सखा सब, भजहु मोहिं दृढ़नेम।

सदा सर्वगत सर्व हित, जानि करेहु अति प्रेम॥

सुनि प्रभु वचन मगन सब भये। को हम कहाँ बिसरि गृह गये॥
एकटक रहे जोरि कर आगे। कहि न सकत कछु अति अनुरागे॥
परम प्रीति तिनकर प्रभु देखी। कहा विविध विधि ज्ञान विशेषी॥
प्रभु सन्मुख कछु कहै न पारहिं। पुनि पुनि चरणसरोज निहारहिं॥
तब प्रभु भूषण वसन मंगाये। नाना रंग अनूप सुहाये॥
सुग्रीवहिं प्रथमहिं पहिराये। भरत वसन निज हाथ बनाये॥
प्रभु प्रेरित लक्ष्मण पहिराये। लंकापति रघुपति मन भाये॥
अंगद बैठि रहे नहि डोले। प्रीति जानि प्रभु ताहि न बोले॥

जाम्बवन्त नीलादि सब, पहिराये रघुनाथ।
हिय धरि राम स्वरूप सब, चले नाय पद माथ॥
तब अंगद उठि नाइ शिर, सजल नयन करजोरि।
अति विनीत बोले बचन, मनहुं प्रेम-रस बोरि॥
अंगद वचन विनीत सुनि, रघुपति करुणासींव।
प्रभु उठाइ उर लायऊ, सजल नयन राजीव॥

निज उरमाला वसन मणि, बालितनय पहिराय।
विदा किये भगवान तब, बहु प्रकार समुझाय॥

भरत अनुज सौमित्र समेता। पठवन चले भक्तकृत चेता॥
अंगद हृदय प्रेम नहिं थोरा। फिरि फिरि चितवत प्रभुकी ओरा॥
बार बार करि दण्ड प्रणामा। मन अस रहन कहहिं मोहिं रामा॥
प्रभुरुख देखि विनय बहु भाषी। चले हृदय पदपंकज राषी॥
तब सुग्रीव चरण गहि नाना। भांति विनय कीन्हो हनुमाना॥
दिन दश करि रघुपति पद-सेवा। तब फिरि चरण देखिहौं देवा॥
पुण्यपुंज तुम पवनकुमारा। सेवहु जाइ कृपालु आगारा॥
अस कहि कपिपति चले तुरन्ता। अंगद कहेउ सुनहु हनुमंता॥

करेहु दण्डवत प्रभुसन, तुमहिं कहौं करजोरि।
बार बार रघुनायकहिं, सुरति करायहु मोरि॥
अस कहि चलेउ वालिसुत, फिरि आये हनुमंत।
तासु प्रीति प्रभुसन कही, मगन भये भगवंत॥
कुलिशहुं चाहि कठोर अति, कोमल कुसुमहु चाहि।
चित खगेश रघुनाथ अस, समुझि परै कहु काहि॥

पुनि कृपालु लिये बोलि निषादा। दीन्हेउ भूषण वसन प्रसादा॥
जाहु भवन मम सुमिरण करहू। मन क्रम वचन धर्म अनुसरहू॥
तुम मम सखा भरत सम भ्राता। सदा रहहु पुर आवत जाता॥
वचन सुनत उपजा सुख भारी। परेउ चरण लोचन भरि बारी॥
चरणकमल उरधरि गृह आवा। प्रभु प्रभाव परिजनहिं सुनावा॥
रघुपति-चरित देखि पुरवासी। पुनि पुनि कहहिं धन्य सुखरासी॥

राम-राज्यका वर्णन

म राज्य बैठे त्रयलोका । हर्षित भयउ गयउ सब शोका ॥
र न कर काहुसन कोई । राम-प्रताप विषमता खोई ॥

वर्णाश्रम निज निज धरम, निरत वेदपथ लोग ।
चलहिं सदा पावहिं सुखहिं, नहिं भय शोक न रोग ॥

हिक दैविक भौतिक तापा । राम-राज्य नहिं काहुहि व्यापा ॥
ब नर करहिं परस्पर प्रीती । चलहिं सुधर्म निरत श्रुतिनीती ॥
रिउ चरण धर्म्म जगमाहीं । पूरि रहा सपनेहु अघ नाहीं ॥
म भक्ति रत नर अरु नारी । सकल परमगतिके अधिकारी ॥
ल्पमृत्यु नहिं कवनिउ पीरा । सब सुन्दर सब निरुज शरीरा ॥
हिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना । नहिं कोउ अबुध न लक्षणहीना ॥
ब निर्दम्भ धर्म्म-रति धरणी । नर अरु नारि चतुर शुभकरणी ॥
ब गुणज्ञ सब पण्डित ज्ञानी । सब कृतज्ञ नहिं कपट सयानी ॥

राम-राज्य विहँगेश सुनु, सचराचर जगमाहिं ।
काल कर्म स्वभाव गुण, कृत दुख काहुहिं नाहिं ॥

म-राज्य कर सुख सम्पदा । बरणि न सकहिं फणीश शारदा ॥
ब उदार सब पर-उपकारी । द्विज-सेवक सब नर अरु नारी ॥
क-नारि-व्रत-रत नर झारी । ते मन बच क्रम पति-हितकारी ॥

दण्ड यतिनकर भेद जहँ, नर्तक नृत्य समाज ।
जीतहिं मनहिं सुनिय अस, रामचन्द्रके राज ॥

लहिं फलहिं सदा तरु कानन । रहहिं एकसंग गज पंचानन ॥

खग मृग वैर सहज बिसराई । सबनि परस्पर प्रीति बढ़ाई ॥
कूजहिं खग मृग नानावृन्दा । अभय चरहिं वन करहिं अनन्दा ॥
शीतल सुरभि पवन वह मन्दा । गुंजत अलि ले चलु मकरन्दा ॥
लता विटप मांगे फल द्रवहीं । मन भावते धेनु पय स्रवहीं ॥
शसि-सपन्न सदा रह धरणी । त्रेता भै सतयुगकी करणी ॥
प्रगटे गिरि नाना मणि खानी । जगदातमा भूप पहिचानी ॥
सरिता सकल वहैं वर वारी । शीतल अमल स्वाद सुखकारी ॥
सागर निज मर्य्यादा रहहीं । डारहिं रत्न तटनि नर लहहीं ॥
सरसिज संकुल सकल तड़ागा । अति प्रसन्न दश दिशा विभागा ॥

विधु महि पूर चियूषन, रवितप जेतनै काज ।
मांगे वारिद देहिं जल, रामचन्द्रके राज ॥

कोटिन वाजपेय प्रभु कीन्हें । अमित दान विप्रन कहं दीन्हें ॥
सेवहिं सानुकूल सब भाई । रामचरण-रति प्रीति सुहाई ॥
हर्षित रहहिं नगरके लोगा । करहिं सकल सुर-दुर्लभ-भोगा ॥
अह निशि विधिहि मनावत रहहीं । श्रीरघुवीर—चरण रति चहहीं ॥
दुइ सुत सुन्दर सीता जाये । लव कुश वेद-पुराणन गाये ॥
दुइ दुइ सुत सब भ्रातन केरे । भये रूप-गुण-शील-घनेरे ॥

उत्तरदिशि सरयू वहै, निर्मल जल गम्भीर ।
वांधे घाट मनोहर, स्वल्प पंक नहिं तीर ॥

दूर फ़राक रुचिर सो घाटा । जहं जल पियहिं वाजि गज ठाटा ॥
पनिघट परम मनोहर नाना । तहां न पुरुष करहिं अस्नाना ॥
राजघाट सबही विधि सुन्दर । मज्जहिं तहां वरण चारिउ नर ॥

तीर देवनके मन्दिर । चहुंदिशि तिहिके उपवन सुन्दर ॥
कहुं सरिता-तीर-निवासी । बसहिं ज्ञान-रत मुनि संन्यासी ॥
तहँ नर रघुपति-गुण गावहिं । बैठि परस्पर इहै सिखावहिं ॥
दु प्रणतप्रतिपालक रामहिं । शोभा--शीलरूप--गुण---धामहिं ॥
ज-विलोचन श्यामल-गातहिं । पलक-नयन इव सेवक-त्रातहिं ॥
-शर रुचिर-चाप-तूणीरहिं । सन्त-कंज-वन-रवि रण-धीरहिं ॥
ल-कराल-व्याल-खगराजहिं । नमत राम अकाम ममता जहिं ॥

रामप्रताप-रविसे सुख और दुख

ते राम प्रताप-खगेशा । उदित भयउ अति प्रवल दिनेशा ॥
र प्रकाश रहेउ तिहुं लोका । वहुतन सुख वहुतन मन शोका ॥
नहिं शोक तेहि कहौं वखानी । प्रथम अविद्या-निशा सिरानी ॥
उलूक जहं तहां लुकाने । काम क्रोध कैरव सकुचाने ॥
विध कर्म गुण काल सुभाऊ । ये चकोर सुख लहहिं न काऊ ॥
सर-मान-मोह-मद चोरा । इनकहं सुख नहिं कवनिहु ओरा ॥
-तड़ाग—ज्ञान—विज्ञाना । ये पंकज निकसे विधि नाना ॥
सन्तोष विराग विवेका । विगत शोक भे कोक अनेका ॥

यह प्रताप-रवि जासु उर, जब प्रभु करहिं प्रकाश ।
पाछिल बाढ़हिं प्रथम जे, कहे ते पावहिं नाश ॥

तन सहित राम एक वारा । संग परम प्रिय पवनकुमारा ॥
नि समय सनकादिक आये । तेज पुंज गुण शील सुहाये ॥
र गहि प्रभु मुनिवर बैठारे । परम मनोहर वचन उचारे ॥

आजु धन्य मैं सुनहु मुनीशा। तुम्हरे दरश जाहिं अघ खीशा॥
बड़े भाग्य पाइय सतसंगा। बिनहिं प्रयास होहि भव-भंगा॥
सन्त-संग अपवर्ग कर, कामी भव कर पंथ।
कहहिं सन्त कवि कोविद, श्रुति पुराण सद्-ग्रन्थ॥
सुनि प्रभु वचन हर्षि मुनिचारी। पुलकगात अस्तुति अनुसारी॥

सनकादि कृत स्तुति

जय भगवन्त अनन्त अनामय। अनघ अनेक एक करुणामय॥
जय निर्गुण जय जय गुण-सागर। सुखनिधान तिहुंलोक-उजागर॥
जय इन्दिरारमण जय भूधर। अनुपम अज अनादि शोभाकर॥
ज्ञाननिधान अमान मानप्रद। पावन सुयश पुराण वेद वद॥
तज्ञ कृतज्ञ अज्ञता-भंजन। नाम अनेक अनाम निरंजन॥
सर्व सर्वगत सर्व उरालय। बसहु सदा हमकहँ प्रतिपालय॥
द्वंद्व--विपति---भवफन्द---विभंजन। हृद वसु राम काम-मद-गंजन॥
परमानन्द कृपायनन, तुम परि-पूरण-काम।
प्रेम-भक्ति अनपावनी, देहु हमें श्रीराम॥
देहु भक्ति रघुपति अनपावनि। त्रिविध ताप भव दाप नसावनि॥
प्रणत काम सुरधेनु कलपतरु। होइ प्रसन्न प्रभु दीजै यह वरु॥
भव-बारिधि कुंभज रघुनायक। सेवक सुलभ सकल सुखदायक॥
मन-सम्भव दारुण दुख दारय। दीनबन्धु समता विस्तारय॥
आश–त्रास--ईर्षादि –निवारक। विनय-विवेक-विरति-विस्तारक॥
भूप--मौलि--मणि-मण्डन--धरणी। देहु भक्ति संसृति सर-तरणी॥
मुनि मन मानस-हंस निरंतर। चरणकमल वन्दित अज शंकर॥

रघुकुलकेतु सेतु-श्रुति-रक्षक । काल-कर्म-स्वभाव-गुण—भक्षक ॥
तारण-तरण हरण-सब दूषण । तुलसिदास प्रभु त्रिभुवन–भूषण ॥

वार वार अस्तुति करि, प्रेम सहित शिर नाइ ।
ब्रह्म भवन सनकादि गे, अति अभीष्ट वर पाइ ॥

सनकादिक विधिलोक सिधाये । भ्रातन रामचरण शिर नाये ॥
पूंछत प्रभुहि सकल सकुचाहीं । चितवहिं सब मारुतसुत पाहीं ॥
अन्तर्यामी प्रभु सब जाना । पूंछत कहा कहहु हनुमाना ॥
जोरि पाणि तब कह हनुमन्ता । सुनिये दीनबन्धु भगवन्ता ॥
नाथ भरत कछु पूंछन चहहीं । प्रश्न करत मन सकुचत अहहीं ॥
तुम जानहु कपि मोर सुभाऊ । भरतहिं मोहिं न कछुक दुराऊ ॥
सुनि प्रभु-वचन भरत गहि चरणा । सुनिय नाथ प्रणतारित-हरणा ॥
संतनकी महिमा रघुराई । वहु विधि वेद पुराणन गाई ॥
सुना चहौं प्रभु तिन्हकर लक्षण । कृपासिन्धु गुण ज्ञान विचक्षण ॥
सन्त असन्त भेद बिलगाई । प्रणतपाल मोहिं कहिय बुझाई ॥

सन्त और असन्तों के लक्षण

सन्तनके लक्षण सुनु भ्राता । अगणित श्रुतिपुराण विख्याता ॥
सन्त असन्तको अस करणी । जिमि कुठार चन्दन आचरणी ॥
काटे परसु मलय सुनु भाई । निज गुण देइ सुगन्ध बसाई ॥

ताते सुर-शीशन चढ़त, जगवल्लभ श्रीखण्ड ।
अनल दाहि पीटत घनहिं, परशु बदन यह दण्ड ॥

विषयअलंपट शीलगुणाकर । परदुख दुख सुख सुख देखेपर ॥
सम अभूतरिपु विमद विरागी । लोभामर्ष हर्ष-भय—त्यागी ॥

कोमलचित दीनन पर दाया । मन-वच-क्रम-मम भक्त अमाया॥
सवहिं मानप्रद आपु अमानी । भरत प्राणसम मम ते प्राणी॥
विगतकाम मम नाम-परायन । शान्त विरक्त विदित मुदितायन॥
शीतलता सु सरलता मैत्री । द्विजपद प्रेम धर्म जनयित्री॥
ये सब लक्षण बसहिं जासु उर । जानेहु तात संत संतत फुर॥
शम दम नियम नीति नहिं डोलहिं । परुष बचन कबहूं नहिं बोलहिं॥

निन्दा अस्तुति उभय सम, ममता मम पदकंज ।
ते सज्जन मम प्राणप्रिय, गुणमन्दिर सुखपुंज ॥

सुनहु असन्तन केर स्वभाऊ । भूलेहु संगति करिय न काऊ॥
तिन कर संग सदा दुखदाई । जिमि कपिलहिं घालै हरहाई॥
खलन-हृदय अतिताप बिशेषी । जरहिं सदा पर-सम्पति देषी॥
जहं कहुं निन्दा सुनहिं पराई । हर्षहिं मनहुं परी निधि पाई॥
काम—क्रोध—मदलोभ—परायन । निर्दय कपटी कुटिल मलायन॥
वैर अकारण सब काहूसों । जोकर हित अनहित ताहूसों॥
